15- APR- BSP- P-1_Layout 1 4/16/2025 12:28 AM Page 1

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, बुधवार 16 अप्रैल 2025

तापमान

अधिकतम 39.0 डिग्री

न्यूनतम 25.0 डिग्री



नेहरू चौक से कलेक्टर कार्यालय जाने वाली सड़क पर हो रही खुदाई के कारण लग रहा जाम।



## राजगीत नहीं होने पर सदन गरम, स्मार्ट सिटी और सीवरेज पर भी हंगामा, 1089 करोड़ का बजट बहुमत से पास

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

14 महीने बाद हुई निगम की सामान्य सभा में राजगीत अरपा पैरी का गान नहीं होने पर जमकर हंगामा मचा। कांग्रेस ने जहां इसे राजकीय गीत का अपमान बताया तो भाजपाइयों ने व्यवस्था की बात कही है। सभापति विनोद सोनी ने भी कांग्रेस की मांग नहीं मानी और प्रश्नकाल के शुरूआत की घोषणा कर दी। इसके अलावा सामान्य सभा में स्मार्ट सिटी के कामों और राशि खर्च, सीवरेज के अधूरे रहने से लेकर सड़क, नाली पानी को लेकर हंगामा मचता रहा। निगम की महापौर पूजा विधानी ने 1089 करोड़ का बजट पेश भी पेश किया जिसे बहुमत के आधार पर पास कर दिया गया।

ध्यान रहे कि नगर निगम की सामान्य सभा पहले टाउन हाल में आयोजित होती थी। इसके बाद इसे लखीराम आडिटोरियम में आयोजित किया जाने लगा। निगम के इतिहास में पहली बार इन दोनों प्रमुख स्थान को छोड़ सामान्य सभा का आयोजन पंडित देवकीनंदन दीक्षित सभागृह (लाल बहादुर शास्त्री स्कूल) में किया गया। करीब 14 महीने बाद हुई सामान्य सभा में सबसे पहले राष्ट्रगान हुआ। इसके बाद राजकीय गीत अरपा पैरी का गान होना था लेकिन इस बार नहीं हुआ। इस पर कांग्रेसी पार्षद शहजादी कुरैशी ने जमकर विरोध जताया और राजगीत के गान की मांग की। यह मांग लेकिन नहीं मानी गई।





- 14 महीने बाद हुई निगम की सामान्य सभा में सभी प्रस्ताव बहुमत से पास
- पीएम आवास योजना में हितग्राहियों को लाभ न मिलने का मामला भी गरमाया रहा

### स्मार्ट सिटी के कामों पर जोरदार बवाल

प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस पार्षद शहजादी कुरैशी ने पूछा स्मार्ट सिटी के तहत बिलासपुर निगम को कितनी राशि आज तक मिली और उस राशि से क्या-क्या निर्माण हुए। कितने पूरे ओर अधूरे रहे। इसके साथ ही भविष्य की क्या योजना है। इस पर जवाब दिया गया कि स्मार्ट सिटी के तहत नगर निगम को कोई राशि नहीं मिली है और इसलिए जानकारी निरंक है। इस पर बवाल मच गया। पार्षद ने सीधे कहा कि शहर में 800 करोड़ रुपए से अधिक खर्च हो गए लेकिन कई काम अधूरे हैं। अब इनके पूरे करने की क्या योजना है, यह नहीं बताया जा रहा है।

### 1089 करोड़ का बजट पेश किया गया

दोपहर बाद महापौर श्रीमती पूजा विधानी ने 1089 करोड़ का बजट पेश किया गया, जो पिछली सामान्य सभा के बजट से 38 करोड़ रुपए ज्यादा है। देवकीनंदन सभागार में बजट के दौरान भाजपा पार्षद भगवा गमछे पहने और मेयर पूजा विधानी बजट ब्रिफकेस साथ लेकर आईं। इस सामान्य सभा के लिए 9 एजेंडे तैयार किए गए थे। महापौर के मुताबिक नए परियोजना नगरोत्थान योजना के लिए बजट वर्ष 2025-26 में कई कामों के लिए 60 करोड़ की स्वीकृति की गई है।

### सफाई, पानी, बिजली सड़क की समस्या

सामान्य सभा में भीषण गर्मी में पेयजल संकट, वार्डों में बोर खनन, टेंकर से पानी सप्लाई जैसे समस्याओं पर हंगामा मचता रहा। पार्षद श्याम कार्तिक ने कहा कि, रायपुर रोड पर मंडपम रोड का काम क्यों रुका हुआ है। हाईकोर्ट में मामला दर्ज है, तो निगम अपना पक्ष क्यों नहीं रखता है। जिसे लेकर विवाद चल रहा है। हालांकि हाईकोर्ट ने बिल्डर के पक्ष में फैसला दिया है। पार्षद पुष्पेन्द्र साहू ने तिफरा और सिरगिट्टी के वार्डों में सफाई नहीं होने का मुद्दा उठाया। स्वच्छता पर ध्यान नहीं देने की बात कही।

### बहिष्कार की चेतावनी से माहौल गरमाया

कांग्रेस पार्षदों ने शहर के श्मशान घाटों के जीर्णोद्धार का प्रश्न उठाया। इस पर भाजपा पार्षद जय वाधवानी ने कहा कि बीजेपी ऐसा श्मशान घाट बनाएगी, जिसमें मुर्दे भी जिंदा हो जाएंगे। इसे लेकर सदन में बवाल मचा और पार्षद के बाद बोलने पर कांग्रेस पार्षदों ने विरोध किया। भाजपा पार्षद जय वाधवानी ने महिला पार्षद पर टिप्पणी की। जिसे लेकर बवाल हुआ और कांग्रेसियों ने बहिष्कार की चेतावनी दे डाली।

### सीवरेज और फागिंग नहीं होने पर सदन गरम

सामान्य सभा में मच्छरों और सीवरेज को लेकर भी जमकर हंगामा हुआ। मच्छर प्रकोप और फागिंग नहीं होने को लेकर सत्ता पक्ष के पार्षद हेमंत मरकाम ने ही सदन में सवाल उठाया। वार्ड क्रमांक 18 के कांग्रेसी पार्षद भरत कश्यप ने सीवरेज के अधूरे कामों पर भी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि 18 सालों बाद भी परियोजना पूरी नहीं हो पा रही है।

### पार्षद गायत्री ने की पट्टा देने की मांग



नगर निगम के प्रथम सामान्य सभा के प्रश्नकाल के दौरान वार्ड क्रमांक 5 की पार्षद गायत्री लक्ष्मीनाथ साहू ने याद दिलाते हुए कहा कि नगरीय निकाय चुनाव के दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नजूल भूमि पर पट्टा देने की घोषणा की थी। जिस पर महापौर पूजा विधानी ने प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजने का आश्वासन दिया। सामान्य सभा की बैठक में पार्षद गायत्री लक्ष्मीनाथ साहू ने इन विभागों की जमीनों को नजूल भूमि घोषित कर पट्टा वितरण करने की मांग की।

### इन महत्वपूर्ण कार्यों पर लगी अंतिम मुहर

- निगम के सभी 8 जोन में पिंक टायलेट
- शहर में नालंदा परिसर का निर्माण।
- पेयजल की समस्या हमेशा के लिए दूर करने के लिए अलग से कार्य।
- वार्डों में आवश्यकता अनुसार सड़क निर्माण।
- जलभराव की समस्या से निपटने नाली निर्माण।
- उचित प्रकाश व्यवस्था, नई जगहों पर स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था करना।
- अशोक नगर बिरकोना रोड चौड़ीकरण कर गौरव पथ निर्माण कार्य।
- अरपा इंदिरा सेतु से राम सेतु तक अटल पथ निर्माण कार्य।
- मंगला चौक से आजाद चौक तक सड़क निर्माण कार्य।
- निगम बाह्य क्षेत्र के विकास के लिए अन्य अतिरिक्त निर्माण कार्य।

### झलकियां

- महापौर श्रीमती पूजा विधानी बजट ब्रिफकेस के साथ सदन में 12 बजे पहुंचीं।
- भाजपा के सभी पार्षद भगवा गमछा पहने रहे, इस पर सदन में चर्चा होती रही।
- भाजपा पार्षद जय वाधवानी ने कहा कि बीजेपी ऐसा श्मशान घाट बनाएगी, जिसमें मुर्दे भी जिंदा हो जाएंगे।
- सदन की कार्रवाई करीब पौन घंटे लेट से शुरू हुई, सभापति 12.12 बजे आसंदी पर बैठे।
- प्रश्नकाल की कार्रवाई 12.26 बजे शुरू हुई और 1. 21 पर 5 मिनट पहले ही खत्म कर दी गई।
- अधिकांश सवालों का जवाब वरीष्ठ भाजपा पार्षद विजय ताम्रकार देते रहे, उन्हें सुपर महापौर कहा गया।
- पार्षद विजय ताम्रकार ने एक राष्ट्र एक चुनाव कराने के प्रस्ताव संबंधी पत्र सभापति को लिखा।

## खबर संक्षेप

### नरबलि की आशंका में 4 पकड़े गए, थाने का घेराव

**बिलासपुर।** कोनी थाना क्षेत्र के निरतू गांव में मंगलवार रात उस वक्त हड़कंप मच गया जब ग्रामीणों ने नरबलि की आशंका में चार लोगों को पकड़ लिया। जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण वहां जुट गए और चारों को घेरकर पूछताछ शुरू कर दी। सूचना पर कोनी पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को छुड़ाकर थाने ले आई। इधर, मामला गरमाता देख निरतू गांव से बड़ी संख्या में लोग कोनी थाने पहुंच गए और कार्रवाई की मांग को लेकर हंगामा करने लगे। कोनी टीआई किशोर केंवट ने बताया कि चारों लोग छतौना गांव के रहने वाले हैं। उनके गांव में एक बच्चे की तबीयत खराब है और उसके परिजन पूजा-पाठ में विश्वास करते हैं। किसी ने उन्हें सलाह दी थी कि पीपल पेड़ की पूजा करें, जिससे वे निरतू गांव के बाहर स्थित एक पीपल पेड़ के पास पूजा करने आए थे। पूजा के दौरान उन्होंने पेड़ में कील ठोंकी, जिसे ग्रामीणों ने गलत समझ लिया। पुलिस ने गांव के प्रमुख पांच लोगों को थाने बुलाकर पूजा कर रहे लोगों से आमने-सामने बातचीत कराई। तब जाकर पूरा मामला साफ हुआ और गांव वालों का भ्रम दूर हुआ। समझाइश के बाद ग्रामीण अपने गांव लौट गए।

### दिन में तपा शहर, रात में बूंदाबांदी से राहत



**बिलासपुर।** शहर में मंगलवार को आसमान साफ होने के कारण दिन में तेज धूप ने जमकर तपाया। इधर रात आठ बजे के करीब बूंदाबांदी से कुछ राहत तो महसूस की गई, लेकिन न्यूनतम तापमान में आज भी बीते दिनों की तुलना में बढ़ोतरी होने के कारण उमस ने हलाकान कर दिया। प्रदेश में द्रोणिका के चक्रवाती परिसंचरण का प्रभाव होने के बाद भी सूरज अपनी तपिश में कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। मंगलवार को शहर में पूरे दिन धूप खिली रही, वहीं शाम होते-होते आसमान में हल्के बादल नजर आए। इधर शहर का अधिकतम तापमान भी 39.0 डिग्री दर्ज किया गया। रात आठ बजे के करीब शहर में हल्की बूंदाबांदी से राहत तो महसूस की गई, लेकिन न्यूनतम तापमान में लगातार बढ़ोतरी होने के कारण उमस ने शहरवासियों की परेशानी बढ़ा दी है।

### शिकायत पर आरक्षक लाइन अटैच

**बिलासपुर।** एसएसपी ने शिकायत के आधार पर तारबाहर थाने के एक आरक्षक को लाइन अटैच कर दिया है। एसएसपी ने रजनेश सिंह ने बताया, तारबाहर थाने में पदस्थ आरक्षक गोविंद शर्मा की लगातार शिकायत आ रही है। उन्होंने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए आरक्षको लाइन अटैच कर दिया है।

### अब 30 तक जमा कर सकेंगे संपत्ति कर

**बिलासपुर।** बिलासपुर सहित प्रदेश भर में अब 30 अप्रैल तक लोग अपने मकान-दुकान का संपत्ति कर जमा कर सकेंगे। इसके लिए सरकार ने छूट दी है। राज्य शासन ने सभी जिलों के निकायों में इसे लेकर सर्कुलर भेजा है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने नगरीय निकायों में वित्तीय वर्ष 2024-25 के संपत्ति कर और विवरणी जमा करने को लेकर यह आदेश जारी किया है। सर्कुलर में कहा है कि नगरीय निकायों में संपत्तिकर और विवरण जमा करने के लिए 31 मार्च 2025 निर्धारित थी। इस साल निर्वाचन, निकायों का परिसीमन मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य और स्थानीय निकायों के निर्वाचन में आचार संहिता भी प्रभावी रही। इस वजह से छूट दी गई है।

## जिला पंचायत सभापतियों के चुनाव में बवाल कांग्रेस सदस्यों ने वोटिंग का किया बहिष्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिला पंचायत में मंगलवार को स्थाई समितियों के सभापतियों के चुनाव में काफी बवाल मचा। कांग्रेस के सदस्यों ने स्थायी समितियां बढ़ाए जाने और उसमें सदस्यों की संख्या पांच से घटाकर तीन किए जाने को लेकर विरोध जताते हुए खूब बहसबाजी करते हुए लिखित आपत्ति की। इसके बाद कांग्रेसी सदस्यों वोटिंग का बहिष्कार कर बाहर चले गए। जिला पंचायत में स्थायी समितियों के चुनाव दौरान राजनीति गरमाई रही और जिला सदस्यों के अलावा भाजपा जिलाध्यक्ष मोहित जायसवाल, कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजय केशरवानी, राजेन्द्र शुक्ला, त्रिलोक श्रीवास, दीपक रजक आदि सक्रिय रहे।

जिला पंचायत में स्थायी समितियों के चुनाव के चलते सुबह से ही भाजपा और कांग्रेस के सदस्य जिला पंचायत पहुंच गए थे और आपस में रणनीति बनाने में लगे हुए थे। इसके बाद जिला पंचायत के सभी 17 सदस्य सभाकक्ष में पहुंचे जहां चुनाव प्रक्रिया होना था, लेकिन सभापति पद के लिए नामांकन के पहले कांग्रेस के सदस्यों को जब यह पता चला कि स्थायी समितियों की संख्या पांच से बढ़ाकर सामान्य प्रशासन मिलाकर 9 कर दी गई है और स्थायी समितियों में सदस्यों की संख्या पांच से घटाकर तीन कर दी गई है तो कांग्रेस सदस्यों ने इसका विरोध करना शुरू कर दिया और काफी देर तक बहसबाजी होती रही। उसके बाद कांग्रेस सदस्य मीटिंग हाल से उतरकर नीचे आए और कांग्रेसी नेताओं जिलाध्यक्ष विजय केशरवानी, राजेन्द्र शुक्ला आदि से इस विषय पर चर्चा की। इस दौरान त्रिलोक श्रीवास भी वहां पहुंच गए और उन्होंने नियम, प्रक्रिया को लेकर नाराजगी जताते हुए अपनी पत्नी सदस्य श्रीमती स्मृति त्रिलोक श्रीवास को लेकर चले गए। उनके जाने के बाद बाकी कांग्रेस के बचे हुए सदस्यों ने फिर से मिंटिंग हाल में जाकर लिखित आपत्ति दर्ज कराई और उसके बाद वोटिंग के पहले ही बहिष्कार कर बाहर निकल गए। कांग्रेस के 8 सदस्यों के चले जाने के बाद भाजपा के बचे 9 सदस्य रह गए थे। पीठासीन अधिकारी एडीएम राम अघारी कुरूवंशी द्वारा आपत्ति का निराकरण किया गया तत्पश्चात सभापति पद के लिए नामांकन के बाद वोटिंग हुई, जिसमें 6 स्थायी समितियों के सभापति, सदस्य चुने गए और साथ ही सामान्य प्रशासन समिति का गठन हुआ, जिसमें सभी सभापति सदस्य एवं जिला पंचायत अध्यक्ष अध्यक्ष हैं।

### 6 समितियों में भाजपा के सभापति, कांग्रेसी सदस्यों ने की लिखित आपत्ति



### दो स्थायी समितियों के लिए नहीं हो पाया चुनाव

जिला पंचायत में स्थायी समितियों की संख्या बढ़ा दी गई है जिससे सामान्य प्रशासन मिलाकर 9 समितियां हो गई है। इसमें आज सात समितियों का गठन हुआ, जिसमें 6 समितियों का चुनाव हुआ और वन एवं पर्यावरण तथा निःशक्तजन समाज कल्याण दो समितियों के सभापति का चुनाव नहीं हो पाया। इसके अलावा जिन समितियों का चुनाव हुआ उसमें कृषि स्थायी समिति के सभापति अनुसुईया जागेन्द्र कश्यप, शिक्षा समिति के सभापति ललिता कश्यप, संचार तथा संकर्म स्थायी समिति के सभापति अम्बिका विनोद साहू, महिला एवं बाल कल्याण स्थायी समिति के सभापति भारती माली, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण समिति के सभापति अरूणा चन्द्रप्रकाश सूर्या सभापति के रूप में निर्वाचित हुए हैं। इनके साथ ही इन समितियों में दो-दो सदस्य भी निर्वाचित हुए हैं।

### आपत्ति में नीति विरूद्ध प्रक्रिया बताया

कांग्रेस के सदस्यों ने जो आपत्ति लिखित में की है उसमें कहा गया है कि बगैर सामान्य सभा के अनुमोदन के कार्यालय कलेक्टर पंचायत का आदेश अतिरिक्त स्थायी समिति बनाए जाने की सूचना 14 अप्रैल डॉ. अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में बुलया गया था, उसमें दी गई जो कि पूर्णरूप से नीति विरूद्ध है। बगैर सामान्य सभा के स्थायी समिति के सदस्य बगैर सामान्य सभा के घटाई जा रही है जो कि नियम विरूद्ध है। स्थायी समिति की निर्वाचन प्रक्रिया नीति विरूद्ध प्रक्रिया पर आपत्ति दर्ज कराते हैं।

## कार्रवाई के डर से किसानों ने बांध से निकाले मोटर पंप


गर्मी के धान की 'भूख' ने सुखा दिया सौ एकड़ का बांध

हरिभूमि में 14 अप्रैल को प्रकाशित खबर।

**बिलासपुर।** केकराड़ बांध में मोटर पंप लगाकर धान की फसल की सींचने वाले किसानों ने सोमवार को कार्रवाई के डर से अपने-अपने मोटर पंप निकाल लिए। ज्ञात हो कि बांध के चारों ओर किसानों ने खेतों में गर्मी के धान की फसल ली है, जिसकी बीते तीन महीने से बांध में मोटर पंप लगाकर सिंचाई की जा रही थी। इसके चलते बांध लगभग 95 प्रतिशत सूख चुका है।

- बांध में मोटर पंप लगाकर गर्मी के धान फसल की सिंचाई करने का मामला

हरिभूमि में सोमवार को गर्मी के धान की भूख ने सुखा दिया सौ एकड़ का बांध शीर्षक के साथ प्रकाशित खबर के बाद बांध से लगातार पानी खींच रहे किसानों ने सोमवार को ही अपने-अपने मोटर पंप निकाल लिए। कलेक्टर अवनीश शरण द्वारा बीते दिनों जिले में पानी की भारी कमी को ध्यान में रखते हुए बोर खनन पर भी प्रतिबंध लगाया गया था। इधर समाचार प्रकाशित होने पर बांध से पानी खींचने हेतु लगाए गए मोटर पंप की जब्ती व कार्रवाई के डर से संबंधित किसानों ने पहले ही अपने-अपने मोटर पंप और पाईप समेट लिए। ज्ञात हो कि धान की फसल लेने वाले सभी किसानों के अपने-अपने स्वयं के बोर हैं, लेकिन भीषण गर्मी के कारण बोर सूख चुके हैं। ऐसी हालत में फसल बचाने किसानों ने बांध में ही मोटर पंप लगाकर पानी खींचना शुरू कर दिया था। करीब एक दर्जन मोटर पंप से लगातार तीन महीनों से पानी खींचने के कारण बोर पूरी तरह सूखने की हालत में पहुंच चुका था।

### एक भी पंप नहीं

हरिभूमि अखबार में प्रकाशित समाचार संबंधित किसानों की जानकारी में आते ही उन्होंने सोमवार को ही बांध से अपने-अपने मोटर पंप निकाल लिए हैं। आज की स्थिति में बांध में एक भी पंप नहीं हैं।

**- मांगेलाल नागेशी,** सरपंच केकराड़

### सिम्स और जिला अस्पतालों में भीड़ कम करने की कवायद

## शहर में खुलेंगे 10 मोहल्ला क्लीनिक, डाक्टरों की हुई नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को दुरूस्त करने शहर में 10 नए मोहल्ला क्लीनिक खोले जाएंगे। विभाग ने 5 डाक्टरों की नियुक्ति कर दी है। वहीं विभाग क्लीनिक लगाने जगहें की तलाश कर रही है। स्वास्थ्य विभाग नगर निगम और राजस्व अधिकारियों से मिलकर इस समस्या का हल निकलाने में लगा हुआ है।

- जगह की तलाश कर रहा स्वास्थ्य विभाग
- 15 पहले से है मौजूद,अब बढ़कर 25 होगी क्लीनिक की संख्या

छोटी-मोटी बीमारियों को लेकर जिला और सिम्स जैसे बड़े अस्पतालों में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। शहर में 10 मोहल्ला क्लीनिक खोले जा रहे हैं। शासन की ओर से जिले में 25 मोहल्ला क्लीानिक की स्वीकृति दी गई है। शहर के अलग–अलग क्षेत्रों में पहले से ही 15 क्लीनिक मौजूद है, जहां मरीजों का अच्छा प्रतिसाद भी मिल रहा है। अब 10 नए क्लीनिक और खोले जा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग ने हाल ही में 5 डाक्टरों की नियुक्ति कर ली है। खास बात यह है कि कई जगहों पर स्वाथ्य विभाग के पास क्लीनिक खोलने जगह तक नहीं है। ऐसे में सीएमएचओ ने नगर निगम और राजस्व विभाग को क्लीनिक के लिए जगह देने की मांग की है। अधिकारी का कहना है कि जहां जगह मिल चुकी है, वहां डाक्टरों को भेजा जाएगा।

### पूर्व सीएमएचओ की संविदा नियुक्ति

बताया जा रहा है कि योजना के अंतर्गत पिछले साल रिटायर हो चुके 2 सीएमएचओ की नियुक्ति भी संविदा के तौर पर की गई है। डॉ. प्रभात श्रीवास्वएत और डॉ. अनिल श्रीवास्तव पूर्व सीएमएचओ रह चुके हैं और दोनों ही डाक्टर की नियुक्ति एनएचएम की ओर से की गई है। सभी डाक्टर बतौर मेडिकल आफिसर के तौर पर सेवा देंगें। इसके अलावा 3 अन्य डाक्टरों की नियुक्ति हो चुकी है।

### निगम द्वारा दिए जाएंगे भवन

मोहल्ला क्लीनिक के लिए नगर निगम द्वारा भवन दिया जाना है। पिछले कई महीने से स्वास्थ्य विभाग नगर निगम से भवन की मांग कर रहा है, लेकिन अबतक भवन नहीं मिल पाई है। करीब 6 जगहों पर भवनों की आवश्यकता बनी हुई है। जहां भवन है वहां डाक्टरों के द्वारा मोहल्ला क्लीनिक खोला जाएगा।

**डॉ. प्रमोद तिवारी,** सीएमएचओ स्वास्थ्य विभाग

## खबर संक्षेप

### ट्रेन में बिगड़ी नवजात की हालत आक्सीजन से बचाई गई जान



**बिलासपुर।** रायपुर से पटना तक साउथ बिहार में सफर कर रहे दंपती के नवजात की हालत अचानक बिगड़ गई। सूचना मिलते ही बिलासपुर स्टेशन मे ट्रेन पहुंचने के बाद तत्काल आक्सीज की व्यवस्था कर बच्चे की जान बचाई गई। बिहार के एक दंपती अपने नवजात शिशु के साथ रायपुर से पटना तक दुर्ग-आरा जंक्शन साउथ बिहार में सफर कर रहे थे। बच्चे को हृदय संबंधी गंभीर समस्या थी। उसका इलाज कराने रायपुर के एम्स लेकर गए थे। आवश्यक चिकित्सा सुविधा नहीं मिलने के कारण वे अपने शिशु को पटना एम्स वापस लेकर जा रहे थे। इस दौरान रास्ते में नवजात को दी जा रही आक्सीजन सपोर्ट के लिए लगाए गए सिलेंडर का स्तर तेजी से गिरने लगा, जिससे बच्चे की स्थिति गंभीर होने लगी। मंगलवार की सुबह साउथ बिहार बिलासपुर स्टेशन पहुंची। सूचना मिलते ही प्लेटफार्म पर तैनात सिविल डिफेंस स्टाफ ने मानवीय संवेदनाओं का परिचय देते हुए तत्परता से कार्य किया और तत्काल नवजात के लिए ऑक्सीजन सिलेंडर की व्यवस्था की। इसके साथ ही शिशु के लिए चिकित्सा सहायता भी उपलब्ध कराई गई, जिससे उसकी स्थिति में सुधार हुआ। शिशु के मुख से रोने की आवाज सुनने के बाद दंपती को भी राहत मिली।

### अधिवक्ता नौशिना को उपराज्यपाल ने किया स्वर्ण पदक से सम्मानित



**बिलासपुर।** अधिवक्ता नौशिना आफरीन अली को सत्र 2022-24 के लिए नई दिल्ली स्थित इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय से एलएलएम में शीर्ष स्थान प्राप्त करने पर स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया है। उन्होंने साइबर ला में विशेषज्ञता हासिल की है। उन्हें यह सम्मान 11 अप्रैल को विश्वविद्यालय में आयोजित दीक्षांत समारोह के दौरान उपराज्यपाल व दिल्ली के मुख्यमंत्री के हाथों मिला। नौशिना आफरीन अली छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में अधिवक्ता है और आयकर, एनएमडीसी, हाउसिंग बोर्ड, सीबीएसई, अंत्यावसायी वित्त एवं विकास निगम आदि जैसे कई सरकारी विभागों, संगठनों के लिए वकील रही हैं। वे एक मान्यता प्राप्त मध्यस्थ भी है और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के साथ सूचीबद्ध है। उनके द्वारा जरूरतमंदों और कमजोर वर्गों के लिए निःशुल्क मामलों का संचालन करती है। वे एमिकस क्यूरी के रूप में न्यायालय की सहायता कर चुकी हैं। उन्हें छत्तीसगढ़ के राज्यपाल द्वारा अनुकरणीय कानूनी और मानवीय सेवा के लिए दो बार सम्मानित किया जा चुका है।

### सेंट जेवियर्स स्कूल में मनाई गई डा. अंबेडकर की जयंती



**बिलासपुर।** सेंट जेवियर्स स्कूल जबड़ापारा में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। जिसमें विद्यार्थी अनुराज शुक्ला द्वारा अंबेडकर का रूप धारण कर विद्यार्थियों को उनके जीवन के बारे में बताया। इस अवसर पर प्राचार्य शाइस्ता बेगम ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉ. अंबेडकर के जीवन संघर्ष, जातीय भेदभाव और शिक्षा के प्रति उनके समर्पण पर विचार रखा। उन्होंने बताया कि विद्यालय में प्रत्येक विशेष दिवस में विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं ताकि विद्यार्थी हर विशेष दिवस को भालीभांति जाने और उनसे प्रेरणा लें। इस कार्यक्रम में सभी विद्यार्थी एवं शिक्षकों की भागीदारी रही।

### ग्राम भरारी में अखण्ड नवधा रामायण का आयोजन



**बिलासपुर।** रतनपुर मुख्य मार्ग पर स्थित ग्राम भरारी में अखण्ड नवधा रामायण आयोजन किया जा रहा है, जिसमें आसपास के अनेक रामायण/मानस मण्डली गायन वादन के लिए पहुंच रहे हैं। कार्यक्रम का प्रारंभ 13 अप्रैल को नया तालाब से जलयात्रा के साथ प्रारंभ हुआ है, जो 22 अप्रैल दिन मंगलवार को गायन वादन के साथ विश्राम होगा। 23 अप्रैल को कार्यक्रम का समापन भण्डारा प्रसाद वितरण के साथ किया। इस मानस यज्ञ के आचार्य पं. अनिल कुमार पाण्डेय है, जिनके द्वारा पूरे विधि विधान से पूजन और आरती पूरे श्रद्धा भक्ति के साथ सुबह-शाम सम्पन्न कराया जा रहा है। कार्यक्रम में ग्रामवासियों का भरपूर सहयोग मिल रहा है।

### मांग और शिकायत के 1.94 लाख मिले आवेदन, कलेक्टर ने की समीक्षा

**बिलासपुर।** कलेक्टर अवनीश शरण ने टीएल की बैठक में सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की प्रगति की समीक्षा की। तिहार के दौरान ग्रामीण और शहरी क्षेत्र मिलाकर जिले में 1 लाख 94 हजार से ज्यादा आवेदन मिले हैं। उन्होंने एक-एक आवेदनों को अच्छी तरह से पढ़ समझकर और योजनाबद्ध तरीके से उनके सार्थक निराकरण करने अधिकारियों से कहा है। कलेक्टर ने कहा कि राज्य सरकार का यह सर्वोच्च प्राथमिकता का अभियान है। अधिकारी इसे कदापि हल्के में ना लें। मुख्यमंत्री सचिवालय द्वारा इसकी मॉनीटरिंग की जा रही है। यथासंभव आवेदनकर्ता को निराकरण की सूचना भी दिया जाए। कलेक्टर ने विभागवार मिले आवेदनों की टीएल बैठक में व्यौरा दिया और इनके परिणाम मूलक निराकरण के लिए दिशा-निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि सुशासन तिहार के दूसरे चरण के अंतर्गत आवेदनों के निराकरण का कार्य शुरू हो गया है। उन्होंने अगले 15 दिवस में सभी आवेदनों का निराकरण कर लेने को कहा है। इसके बाद 5 मई से 31 मई तक पंचायतों के समूह के बीच समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में सबके सामने निराकरण की स्थिति से आम जनता को बताया जायेगा। कलेक्टर ने कहा कि सभी विभागों को प्राप्त शिकायतों और मांग से संबंधित आवेदनों की हार्ड कॉपी भी उपलब्ध कराया जाएगा।





शनिचरी रपटा के पास बनाई गई चौपाटी में लगाए गए आकर्षक फौवारे इन दिनों बंद हो गए है, जिससे यहां जाने वालों को सुकून नहीं मिल रहा, इसी तरह रिवर व्यू में लगाई गई बैंच को असामाजिक तत्वों ने तोड़ दिया है।

आग लगने की सूचना मिलते ही पहुंचेगी टीम

# जंगल में आग लगने की घटना को रोकने ग्रामीणों को दिए जाएंगे माइक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एटीआर के जंगल में आग लगने की घटना को रोकने ग्रामीणों को माइक सेट देने का निर्णय लिया गया है। ग्रामीण माइक के जरिए गांव के लोगों को जागरूक करने का काम करेंगे। वहीं आग लगने की घटना की सूचना मिलते ही मौके पर तत्काल टीम पहुंचकर उसे बुझाने में जुट जाएगी। प्रबंधन के इस पहले से आग लगने की संभावना कम होगी और वन्यप्राणी सुरक्षित रहेंगे।

गर्मी के मौसम में आग लगने की घटना सबसे ज्यादा जंगल एरिया में होती है। इस मौसम में पेड़ के पत्ते सूखने के बाद जमीन पर गिर जाते हैं, जहां ग्रामीण बीड़ी पीने के बाद उसे फेंक देते हैं। यही वजह है कि जंगल में गर्मी के मौसम में आग लगने की घटना होती है। इसके कारण वन विभाग को भी लाखों का नुकसान उठाना पड़ता है। वहीं आग लगने की घटना से वन्यप्राणियों को भी मुश्किल होती है और वे जंगल से गांव की ओर रूख करने लगते हैं। बिलासपुर वन मंडल के चारों रेंज के अलावा अचानकमार टाइगर रिजर्व में भी घना जंगल हैं। यहां बफर के अलावा कोर जोन में मांसाहारी और शाकाहारी वन्यप्राणियों की संख्या भी अधिक है। आग की घटना को रोकने के लिए विभागीय अफसर प्रतिवर्ष संविदा नियुक्ति देकर फायर वाचर रखते हैं, जो पूरे जंगल का भ्रमण कर आग लगने की जानकारी देने के साथ उसे बुझाने का भी काम करते हैं। अचानकमार टाइगर रिजर्व के कोर जोन के जंगल में आग की घटना को कम करने के लिए विशेष रूप से कोटा में कंट्रोल रूम बनाया गया है। इसके साथ ही रायपुर मुख्यालय से भी सेटेलाइट के माध्यम से जंगल में लगने वाली आग के संबंध में जानकारी मिल रही है। अब एटीआर प्रबंधन ने कंट्रोल रूम के साथ ग्रामीणों को जागरूक करने के उद्देश्य से प्रत्येक गांव में एक माइक सेट, हैंड हेड हेल्ड को देने का निर्णय लिया है, जिसमें एक व्यक्ति सायकल पर पूरे गांव का भ्रमण करते हुए आग की घटना से बचाव के लिए अनाउंसमेंट करने का कार्य करेगा।



### जारी की जाती है फायर बुलेटिन

एटीआर प्रबंधन के अनुसार जंगल में आग की घटना को देखने के लिए विभागीय मुख्यालय में सेटेलाइट लगे हुए हैं। इसके अलावा विनाशा, आईएसआरओ सेटेलाइट के माध्यम से सुबह 4 बजे और दोपहर में 3 से शाम 4 बजे तक फायर बुलेटिन जारी किए जाते हैं। जीपीएस पावर पाइंट वायरलेस से अग्नि प्रहरियों और कर्मचारियों तक सूचना पहुंचाई जाती है। इससे वर्तमान में अगर कहीं आग लग रही है तो उसे तत्काल बुझाने का काम किया जा रहा है। इससे जहां पहले हेक्टेयर में आग के कारण नुकसान हो रहा था, वर्तमान में यह घटना कम प्रभावित हो रही है।

### जंगल में पानी की नहीं है कमी

जंगल में आग लगने की घटना के कारण वन्यप्राणियों को सबसे अधिक परेशानी पीने के पानी की होती है। एटीआर के कोर और बफर जोन में 50-50 मीटर की दूरी पर पानी की व्यवस्था करना शुरु कर दिया गया है। एटीआर से मिली जानकारी के अनुसार पिछले वर्ष तालाब गहरीकरण किए गए थे। वर्तमान में 400 स्रोत और 130 से अधिक सौंसर हैं। सभी रेंज में टैंकर के माध्यम से पानी भरने का काम किया जाता है, जिसकी मानिटरिंग विशेष रूप से कंट्रोल रूम से की जा रही है। इसके लिए विशेष रूप से ग्रामीण भी अपना श्रमदान करते हुए झिरिया बना रहे हैं, जिसमें साफ-सफाई कर जल स्रोत बनाए जा रहे हैं।

### ली जा रही है खैरियत रिपोर्ट

प्रबंधन का कहना है कि पूर्व में आग लगने की घटना अधिक होती थी, जिसके कारण काफी नुकसान हो रहा था। आग के कारण वन्यप्राणी भी जंगल से बाहर आ रहे थे। कई बार सेटेलाइट में भी परेशानी आ जाती है। इसे देखते हुए आग के संबंध में सभी फायर वाचर और अग्नि वीरों से खैरियत रिपोर्ट ली जाती है, तत्काल कहीं आग लगने पर उसे बुझा दिया जाए। इसमें सभी बीट यूनिट का चार से पांच बार लोकेशन भी चेक किया जा रहा है।

### 2250 लोगों को दी गई समझाइश

एटीआर प्रबंधन के निर्देश पर सभी सात वन परिक्षेत्र और 120 से अधिक बीट पर 24 से अधिक विस्थापित गांव में मैदानी बैठक ली जा रही है। इसमें अब तक 65 से अधिक बैठक एटीआर से लगे मुंगेली, लोरमी के खुरदुर, पेण्ड्रा के गांव, नेवसा और अन्य स्थानों पर लेकर 2250 लोगों से मुलाकात करते हुए उन्हें आग से बचाव में अपनी सहभागिता देने के लिए समझाइश दी गई है।

### आग मित्र को दी जाएंगी सायकलें

अचानकमार टाइगर रिजर्व में इस वर्ष आग लगने की घटना में कमी आई है। यहां के विस्थापित ग्रामीण भी काफी जागरूक हैं, जो लगातार आग को देखकर उसे बुझाने का काम कर रहे हैं। इसे देखते हुए निर्णय लिया गया है कि सभी गांव में अब लोगों में चार आग मित्र को चुना जाएगा, जिन्हें विभाग की ओर से सायकल दी जाएगी। इस सायकल में आग मित्र विभाग से मिलने वाले माइक के जरिए आग को रोकने जागरूक करने का काम करेंगे।

**-यूआर गणेश**, डिप्टी डायरेक्टर, एटीआर

एजुकेशन प्लस

## चौकसे ग्रुप सरदार पटेल एकता पुरस्कार 2025 से सम्मानित



**बिलासपुर।** छग के प्रतिष्ठित चौकसे ग्रुप ऑफ कॉलेजेस को गोवा में सरदार पटेल एकता पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार उन्हें इंजीनियरिंग और फार्मेसी में उत्कृष्ट प्लेसमेंट रिकॉर्ड के साथ सर्वश्रेष्ठ निजी कॉलेज समूह के रूप में प्रदान किया गया। समारोह में प्रसिद्ध अभिनेत्री और राजनेता हेमा मालिनी, गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत और केंद्रीय मंत्री श्रीपाद नाइक की उपस्थिति रही। वर्ष 2001 में स्थापित इस समूह ने शैक्षणिक उत्कृष्टता और उद्योग-प्रासंगिक प्रशिक्षण में लगातार उच्च मानक स्थापित किए हैं, विशेष रूप से इंजीनियरिंग और फार्मेसी के क्षेत्र में। समारोह में हेमा मालिनी ने संस्थान की छात्रों को सशक्त बनाने कहा कि चौकसे ग्रुप का शिक्षा और प्लेसमेंट पर ध्यान सरदार पटेल के एकता और प्रगति के विचार को दर्शाता है। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने कहा कि यह समूह कुशल पेशेवर तैयार कर भारत की प्रगति में योगदान दे रहा है। केंद्रीय मंत्री श्रीपाद नाइक ने कहा यह पुरस्कार छत्तीसगढ़ के शैक्षिक परिदृश्य पर चौकसे ग्रुप के प्रभाव और उत्कृष्टता की निरंतर खोज का प्रमाण है। चौकसे ग्रुप का प्लेसमेंट रिकॉर्ड शानदार है। अमेजन, इन्फोसिस, विप्रो और कॉग्निजेंट जैसी शीर्ष कंपनियां इसके स्नातकों की भर्ती करती हैं। संस्था के प्रबंध निदेशक डॉ. आशीष जायसवाल ने कहा कि यह पुरस्कार हमें प्रतिभाओं को निखारने और एकजुट व समृद्ध भारत के लिए नवाचार को बढ़ावा देने की दिशा में मिशन को जारी रखने प्रेरित करता है।

## डॉ. धर्मेंद्र ने दरिद्र नारायण के साथ मनाया अपना जन्मदिन



बिलासपुर। भाजपा नेता पाटलिपुत्र संस्कृति विकास मंच के अध्यक्ष और सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल स्वशासी समिति के सदस्य डॉक्टर धर्मेंद्र कुमार दास ने लोक कल्याण की भावना के साथ जरूरतमंदों के बीच अपना जन्मदिन मनाया। सुबह वे सबसे पहले तोरवा क्षेत्र स्थित ब्रह्मा बाबा मंदिर पहुंचे, जहां मंदिर के महंत प्रेमदास महाराज और ईश्वर का आशीर्वाद प्राप्त किया। तत्पश्चात वे कोनी स्थित सुपर स्पेशलिटी अस्पताल पहुंचे जहां अस्पताल के नोडल अधिकारी बीपी सिंह, चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफ के बीच केक काट कर अपना जन्मदिन मनाया। डॉक्टर धर्मेंद्र दास मगरपारा स्थित कल्याण कुंज वृद्ध आश्रम में उन्होंने बेसहारा बुजुर्गों को खाद्य सामग्री, फल आदि भेंट किया। हर वर्ष डॉक्टर दास जरूरतमंद निर्धनों के बीच अपना जन्म दिवस मनाते हैं। इस बार भी वे रेलवे स्टेशन और स्लम क्षेत्रों में पहुंचे फल और चरण पादुका का वितरण किया। बसंत विहार चौक में हनुमान चालीसा पाठ कर भंडारा कराया गया।

## विधायक अमर ने किया यूनिटी स्माइल एंड ट्रॉमा केयर हॉस्पिटल का शुभारंभ





बिलासपुर। सरकंडा स्थित कपिल नगर चौक में यूनिटी स्माइल एंड ट्रॉमा केयर हॉस्पिटल का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक अमर अग्रवाल ने रिबन काटकर किया। पूरे परिसर का भ्रमण कर उपलब्ध चिकित्सा व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।

श्री अग्रवाल ने कहा कि यूनिटी हॉस्पिटल का यह नया यूनिट बिलासपुर और आसपास के क्षेत्र के लोगों के लिए एक बड़ी सौगात है। यहां एक ही छत के नीचे अत्याधुनिक मशीनों और अनुभवी विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपस्थिति में इलाज की सुविधा है। उन्होंने कहा कि इससे निश्चित ही बिलासपुर की स्वास्थ्य सेवाओं को एक नई दिशा मिलेगी। समारोह में विधायक सुशांत शुक्ला, विधायक पुन्नूलाल मोहले, विधायक धरमलाल कौशिक, महापौर पूजा विधानी, सीएमएचओ डॉ. प्रमोद तिवारी, दीपक ठाकुर, बीपी सिंह उपस्थित रहे। अस्पताल के निदेशक डॉ. अंकित ठाकराल, एल.टी. कर्नल डॉ. अंकुर ठाकराल, चेयरमैन ई.आर.एम. ठाकराल, डॉ. मानसी क्षेत्रपाल, डॉ. प्राची ठाकराल और छाया ठाकराल ने अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि इस हॉस्पिटल में ट्रॉमा केयर, डेंटल केयर, जनरल मेडिसिन, ऑर्थोपेडिक, इमरजेंसी सेवाएं सहित कई आधुनिक और जरूरी चिकित्सीय सुविधाएं उपलब्ध हैं। विशेषज्ञों की टीम और प्रशिक्षित स्टाफ 24 घंटे मरीजों की सेवा में तत्पर रहेगा। यहां अत्याधुनिक ऑपरेशन थिएटर, डिजिटल एक्स-रे, पैथोलॉजी, डेंटल सर्जरी यूनिट, और आरामदायक वार्ड बनाए गए हैं।

हेल्थ प्लस

### 7 दिवसीय पंचकर्म एवं क्षारसूत्र चिकित्सा शिविर का शुभारंभ



**बिलासपुर।** आयुर्वेद चिकित्सा एवं पंचकर्म संस्थान द्वारा 14 से 20 अप्रैल तक 7 दिवसीय निःशुल्क परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में सभी प्रकार के वात रोगों का परामर्श आयुर्वेद चिकित्सकों द्वारा दिया गया। शिविर का आयोजन प्रतिदिन सुबह 10.30 से शाम 6.30 किया जा रहा है। दिनांक 14 व 15 अप्रैल को 250 रोगियों ने चिकित्सा का लाभ उठाया। इन 2 दिनों में घुटने, कमर, कंधे दर्द, लकवा एवं पाईल्स, भगंदर के मरीज पहुंचे थे। इस अवसर पर सेवा निवृत्त जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. मनोहर जी टेकचंदानी, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. किरण वर्मा, डॉ. मोनिष्का शर्मा, डॉ. चंचला तिवारी, डॉ. निहारिका सिंह, डॉ. सोमेश, डॉ. विपिन एवं संस्था के संस्थापक डॉ. मनोज चौकसे अपनी सेवाएं उपलब्ध करा रहे हैं। शिविर के दूसरे दिन 15 अप्रैल को शहर सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों से भी बड़ी संख्या में लोगों ने यहां आकर अपनी समस्याएं बताई और परामर्श लिया। शिविर का हमें अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है।

## अपर संचालक उच्च शिक्षा ने किया समस्याओं का समाधान



**बिलासपुर।** शासकीय माता शबरी नवीन कन्या महाविद्यालय में 15 अप्रैल को जिला स्तरीय शासकीय महाविद्यालयों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इसमें जिले के प्रभारी अपर संचालक उच्च शिक्षा संचालनालय रायपुर डॉ. डीएस जगत एवं अपर संचालक उच्च शिक्षा क्षेत्रीय कार्यालय बिलासपुर डॉ. पी.के. पाण्डेय के निर्देशन में एवं प्राचार्य डॉ. केके भंडारी के नेतृत्व में बैठक आयोजित हुई।

▪ **जिला स्तरीय शासकीय महाविद्यालयों की हुई समीक्षा बैठक**

डा. भंडारी ने बताया कि जिले के 17 शासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्य मौजूद थे। बैठक के 20 बिन्दुओं में शैक्षणिक कैलेण्डर अनुसार क्रियान्वित की जाने वाली गतिविधियों, आंतरिक मूल्यांकन, प्रायोगिक कार्य, स्नेह सम्मेलन, खेलकूद गतिविधियां, नेक की स्थिति, लेखाशाखा का निरीक्षण, भवन अन्य निर्माण संबंधी राशि और अद्यतन कार्य की स्थिति की जानकारी पर चर्चा की गई। इसके अलावा जनभागीदारी व स्ववित्तीय, महाविद्यालय की उपलब्धि, पोषक विद्यालय योजना की अद्यतन स्थिति, महाविद्यालय के तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के क्रमोन्नति-पदोन्नति संबंधी लंबित पकरणों की जानकारी, अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित प्राध्यापकों-सहायक प्राध्यापकों, ग्रंथपाल, क्रीडाधिकारी, तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की जानकारी पर विचार विमर्श किया गया। इसके अलावा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 तथा पाठ्यक्रम पूर्णता की स्थिति, छात्रवृत्ति, अतिथि शिक्षकों की जानकारी, महाविद्यालय ग्रंथालय की जानकारी, महाविद्यालय क्रीडा संबंधी जानकारी, वर्ष 2023–24 एवं 2024–25 में बजट व्यय की जानकारी पर आधारित रही।

डॉ सी वी रमन विवि के कुलाधिपति संतोष चौबे ने मल्हार का किया भ्रमण

# सीवीआरयू में बनेगा छत्तीसगढ़ के पुरातात्विक वैभव का संग्रहालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



छत्तीसगढ़ के समस्त पुरातात्विक स्थलों के वैभव के संरक्षण और संवर्धन के लिए डॉ सी वी रमन विश्वविद्यालय ने महत्वपूर्ण कार्य करने का निर्णय लिया है। इसके लिए विश्वविद्यालय में पुरातात्विक वैभव का संग्रहालय बनाया जाएगा। जिससे भावी पीढ़ी को उनके समृद्ध इतिहास और वैभव की जानकारी मिले। इसकी शुरुआत जिले के मल्हार से की जा रही है।

डॉ सी वी रमन विश्वविद्यालय के कुलाधिपति संतोष चौबे ने मल्हार भ्रमण के दौरान कहा कि मल्हार बिलासपुर जिले के मस्तूरी के निकट एक गांव है। जिनका अपना एक पुरातात्विक एवं ऐतिहासिक महत्व है। इस स्थान में उत्खनन के दौरान महापाषाण कालीन युगीन सभ्यता के अनेक साक्ष्य प्राप्त हुए हैं। इस स्थान से बड़ी संख्या में मूर्तियां, शिलालेख, ताम्रपत्र तथा अनेक सिक्के प्राप्त हुए हैं। इस स्थान से कई अनेक मंदिरों के अवशेष प्राप्त हुए हैं, जिनमें पातालेश्वर केदार मंदिर महत्वपूर्ण हैं। दूसरा महत्वपूर्ण मंदिर डिंडनेश्वरी देवी का मंदिर है। जो काले ग्रेनाइड पत्थर की है। उन्होंने बताया कि छग राज्य पुरातात्विक वैभव का राज्य है। भगवान राम ने यहां वनवास के दिन बिताए हैं और इस प्रदेश को अपने पग पग से चलकर पवित्र किया है। यहां का इतिहास त्रेता युग से जुड़ा है। डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय ने निर्णय लिया है कि विश्वविद्यालय कैंपस में छत्तीसगढ़ के समस्त पुरातात्विक वैभव के स्थान का यहां संग्रहालय स्थापित किया जाएगा। कुलाधिपति संतोष चौबे एकदिवासी मल्हार यात्रा पर रहे। उन्होंने मंदिर और पुरातात्विक स्थान का भ्रमण किया। श्री चौबे का मंदिर ट्रस्ट ने स्वागत किया। मल्हार के संजीव पाण्डेय एवं ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने कुलाधिपति को जानकारी दी।

### डिजिटल डॉक्यूमेंटेशन होगा

विवि के कुल सचिव डॉ अरविंद तिवारी ने कहा कि विवि में छत्तीसगढ़ी संजू ही लोक कला संस्कृति केंद्र भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र शोध एवं सृजन पीठ की स्थापना की गई है। धरोहर संग्रहालय में डिजिटल डॉक्यूमेंटेशन भी किया जाएगा। इसमें वीडियो रिकॉर्डिंग, ऑडियो रिकॉर्डिंग, डॉक्यूमेंट्री फिल्म से हम इन पुरातात्विक धरोहरों की पूरी जानकारी विद्यार्थियों को उपलब्ध कराएंगे।

15 -APR--REGNOL--pg-3 -COMMAN_Layout 1 4/15/2025 11:49 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### 25 लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा।** उरगा थाना प्रभारी राजेश तिवारी को मुखबीर से सूचना मिली थी कि कि ग्राम गुमिया भांठा नाला के पास निवासी मनोज धनुहार काफी दिनों से लगातार ग्राम गुमिया भांठा गंगदाई नाला के पास में अवैध रूप से हाथ भट्टी निर्मित कच्ची महुआ शराब बेच रहा है। पुलिस ने मुखबिर के बताये अनुसार गुमियाभांठा गंगदाई नाला के पास पहुंचकर घेराबंदी किया। मौके पर एक व्यक्ति मिला जिसके पास एक 10 ली. वाला सफेद रंग का प्लास्टिक जरीकेन में भरा 10 लीटर हांथ भठठी का कच्ची महुआ शराब तथा एक 15 ली. पीला रंग के प्लास्टिक जरीकेन में 15 लीटर हांथ भट्ठी से बना शराब रखा मिला। जिसका नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम मनोज धनवार बताया। पुलिस ने अपराध दर्ज कर उसे न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया है।

### शराब के नशे में पत्नी से मारपीट, आरोपी बंदी

**कोरबा।** दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत अयोध्यापुरी निवासी एक महिला द्वारा डायल 112 पर सूचना दी गई कि उसका पति शराब के नशे में आकर उसके साथ गाली-गलौच एवं मारपीट कर रहा है।
सूचना प्राप्त होते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची तथा महिला के पति अनिल कुर्रे उम्र 31 वर्ष पिता राजू सिंह कुर्रे को मौके पर पाया गया। पुलिस की उपस्थिति में भी अनिल कुर्रे अत्यधिक उत्तेजित होकर अपनी पत्नी से दुर्व्यवहार करता रहा एवं थाना परिसर में हंगामा करते हुए शांति भंग की स्थिति उत्पन्न कर रहा था। मौके की गंभीरता को देखते हुए अनिल कुर्रे को पुलिस द्वारा तत्काल हिरासत में लिया गया। प्रथम दृष्टया आरोपी का कृत्य शांति भंग करने योग्य प्रतीत होने पर उसके विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 170 के अंतर्गत कार्यवाही कर विधिवत गिरफ्तार किया गया।

### लूट का मुख्य आरोपी देसी कट्टे के साथ गिरफ्तार

**फगुरम।** फगुरम चौकी अंतर्गत ग्राम भांटा में लूट की वारदात को अंजाम देकर फरार मुख्य आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार चौकी फगुरम थाना डभरा के ग्राम भांटा में 27 फरवरी की रात लूट की वारदात हुई थी। कुछ नकाबपोश सफेद रंग के ईनोवा गाड़ी मे रोशनी बाई जायसवाल के घर घुस कर सोने चांदी के जेवर और मोबाईल लैपटाप रूपये पैसे लुट कर फरार हो गये थे। कुछ दिन पहले आरोपी दीपेश उर्फ रोहित महतो निवासी गोवार धर्मपुर थाना बाड़ जिला पटना बिहार, विक्रम उर्फ कट्टा दिवाकर निवासी चकसमिया थाना सम्यकगढ जिला पटना बिहार, रंजन कुमार साव निवासी सैदपुर थाना बाड़ जिला पटना बिहार, रेवती कुमार चौहान निवासी ग्राम कुकरीचोली जिला रायगढ, ईश्वर प्रसाद डनसेना पिता स्व. बाबुलाल डनसेना उम्र 27 वर्ष,लोकेश कुमार झरिया पिता उत्तरा कुमार उम्र 29 वर्ष बरभांवना थाना छाल जिला रायगढ, राजेश कुमार सोनवानी निवासी ग्राम बरगढ कर्रानारा थाना खरसिंया जिला रायगढ़ को गिरफ्तार कर लिया था। बारीकी से पुछताछ करने पर आरोपियों द्वारा 8 लोगों द्वारा लुट की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। घटना का मुख्य आरोपी रामतोष उर्फ राम सिदार पिता रतिराम सिदार उम्र 24 वर्ष साकिन ग्राम पनझर थाना कोतरारोड जिला रायगढ़ फरार था।आरोपी रामतोष उर्फ राम सिदार को 14 अप्रैल को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

## बेलतरा विधानसभा में भाजपा के सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन

# भाजपा की सरकार बनाने मजबूती के साथ खड़ी रही जनता: धरमलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ लगरा

**लगरा।** विधानसभा बेलतरा में भाजपा के सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन आयोजित किया गया। कोनी स्थित कृषि विश्वविद्यालय सभागार में आयोजित इस सम्मेलन में बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, जिलाध्यक्ष मोहित जायसवाल, दीपक सिंह शामिल हुए।

कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में विशिष्ट अतिथियों द्वारा भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी और भाजपा के प्रेरणा पुरुष डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। पार्टी के निर्देशानुसार भाजपा के स्थापना दिवस पखवाड़े कार्यक्रम अंतर्गत सभी विधानसभा में भाजपा के सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन कर उन्हें पार्टी के रीति नीति से अवगत कराना एवं जनसंघ से लेकर आज तक भाजपा के विकास और इतिहास की जानकारियां दी जा रही हैं। इसके साथ ही भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारों द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के वजह से समाज में हो रहे सामाजिक आर्थिक और राजनीतिक परिवर्तन से कार्यकर्ताओं को अवगत कराने की योजना है। जिला अध्यक्ष मोहित जायसवाल ने पार्टी द्वारा तय किए गए कार्यक्रम की जानकारी विस्तार से दी एवं नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पार्टी द्वारा दिए गए कार्यक्रम को इकाई स्तर पर ले जाने का आग्रह किया।

इस अवसर पर शहर जिला के अध्यक्ष दीपक सिंह, डॉक्टर तिलक साहू, शंकर दयाल शुक्ला, विजयधर दीवान, उमेश गोरहा, बृजेंद्र शुक्ला, निखिल केसरवानी, अवधेश अग्रवाल, प्रणव शर्मा समदड़िया, मणि दास मानिकपुरी, मनीष कौशिक, पवन कश्यप, मोनू रत्नाकर, श्रीवास रामनिवास शर्मा, योगेश्वर दुबे, जीतू साहू, गंगा साहू, पेशी जयसवाल, अनमोल झा, भूपचंद शुक्ला, धनंजय त्रिपाठी, जनक देवांगन, अनिल पांडे, राजेंद्र अग्रहरि, शैलू गोरख संजय मिश्रा ओम पांडे मनोज पटेल भारत कश्यप अनीस धीवर राज केवट सलामुद्दीन कुंदन दीवान अंकुर सिंह उचित सूद शैल बोई शकुंतला काछी ललिता मरकाम बबीता ताम्रकार जूही वर्मा रीना झा सुनीता साहू अणिमा तिवारी सोनम ध्रुव ओंकार पटेल शिवराज साहू सूरज दुबे राजा मिश्रा सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे

### सक्रिय सदस्यों को मिला जिले के वरिष्ठ नेताओं का मार्गदर्शन






### डा. मुखर्जी और पं. दीनदयाल ने दी शहादत: अमर

भाजपा के इतिहास व विकास यात्रा पर प्रकाश डालते हुए बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल ने बताया कि पीढ़ियों के बलिदान और संघर्ष के परिणाम स्वरूप पार्टी आज यहां तक पहुंची है। अपनी विचारधारा और राष्ट्रवादी सिद्धांत को जीवित रखने डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने अपनी शहादत दी थी। स्वतंत्र भारत में यह इकलौता उदाहरण है। श्री अग्रवाल ने बताया कि बलिदान का दौर केवल यहां तक ही सीमित नहीं रहा देश की जनता ने इमरजेंसी का दौर भी झेला। जनसंघ के कार्यकर्ताओं ने दमनकारी नीतियों के सामने नतमस्तक होने के बजाय दृढ़ता से अपने विचार और सिद्धांतों पर कायम रहे परिणाम यह हुआ कि 1977 की आम चुनाव में पार्टी के साथ इंदिरा गांधी स्वयं चुनाव हार गईं और देश में पहली बार गैर कांग्रेसी जनता पार्टी सरकार बनी

### जनता ने सुशासन पर लगाया मुहर: धरमलाल

बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा कि भाजपा जो कहती है वो कर के दिखाती है। विधानसभा चुनाव पूर्व पार्टी ने अपने घोषणा पत्र में जो भी वायदे किए उसे साल भर में भीतर पूरा करने में सफलता पाई है। प्रधानमंत्री आवास, किसानों को धान का बोनस, 3100 रुपए में धान की खरीदी, अठारह लाख आवासों की स्वीकृति और महतारी वंदन जैसे बड़ी घोषणाओं की तय समय के भीतर पूरा किया है और इसका परिणाम यह हुआ कि प्रदेश की जनता ने विष्णुदेव साय की सुशासन पर मुहर लगाते हुए प्रदेश के सभी नगर निगमों में 35 नगर पालिकाओं, 81 नगर पंचायतों सहित 32 जिला पंचायतों में भाजपा की सरकार बनाने में भाजपा के पक्ष में मजबूती के साथ खड़ी रही। आने वाले समय में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सभी जनप्रतिनिधियों को प्रशिक्षण देने की योजना बनाई गई है जिससे क्षेत्र का समुचित विकास हो सके।

### योजनाओं को ज़मीन पर उतारना हमारी प्रतिबद्धता: सुशांत

बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा केंद्र और राज्य की सरकारों द्वारा अनेक कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है जिससे लोगों के जीवन स्तर में काफी बदलाव देखने को मिले हैं। भारतीय जनता पार्टी के मूल सिद्धांत में अंतिम छोर के व्यक्ति को प्राथमिकता दी गई। अभी अभी हमने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का जन्मोत्सव मनाया जिन्होंने दलित शोषित और वंचित वर्गों को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए संविधान में अनेकों प्रावधान किए। केंद्र में डॉक्टर नरेंद्र मोदी वाली सरकार ने बाबा साहेब की नीतियों को आगे बढ़ाते हुए वर्ग जाति असमानता विहीन समाज की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में अग्रसर है। केन्द्र और राज्य सरकार की हितग्राही मूलक योजनाओं की जमीन पर उतारना हमारी प्रतिबद्धता होनी चाहिए।

## वंचितों के उत्थान के लिए अंबेडकर के कार्य आज भी प्रेरणादायक: अरविंद



डॉ साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए।

**सीपत।** मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सीपत व पचपेड़ी में डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया के पुत्र व प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति के संयोजक अरविंद लहरिया शामिल हुए। इस दौरान अरविंद लहरिया ने कहा कि भारत रत्न डॉ अंबेडकर के संघर्षपूर्ण जीवन, उनके विचारों और सामाजिक न्याय, समानता एवं एकता के प्रति उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि महिलाओं के अधिकारों और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए डॉ अंबेडकर ने जो कार्य किए, वे आज भी प्रेरणादायक हैं। उनका जीवन हमें एक समतामूलक समाज की दिशा में आगे बढ़ने का मार्ग दिखाता है। उन्होंने समाज में समानता और बंधुत्व के मूल्यों को आत्मसात करने की आवश्यकता पर बल दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि , कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### विद्याडीह टांगर में हर्षोउल्लास से मनी अम्बेडकर जयंती



**मस्तूरी।** जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत विद्याडीह (टांगर) में डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनाई गई। संविधान की प्रस्तावना का पाठन कर केक काटा गया, तत्पश्चात लोगों को खीर प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर सरपंच किरण चंद्रप्रकाश दिनकर, उपसरपंच मिस्टर इंडिया भार्गव, पंच किशोर खांडेकर, गोविंद दिनकर, योगेश भार्गव, राजकुमार बर्मन, फुलेश दिनकर, उज्जैन जोशी, रामू जोशी, शत्रुहन भार्गव, धनेश महिलंगे, घनश्याम भार्गव, रूपचंद टंडन, हरपाल सिंह, रामसिंग भार्गव, छेदीलाल भार्गव, महादेव खूंटे, छोटू सरपंच, शिवम दिनकर सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### नपा अध्यक्ष जालान को रायपुर में किया गया सम्मानित



**पेंड्रा।** अग्रवाल सभा रायपुर एवं अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में नगरीय निकाय चुनाव में प्रदेश भर में जीत हासिल करने वाले अग्रबंधुओं का सम्मान समारोह मंगलवार को मैक कालेज सभागार समता कालोनी रायपुर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बृजमोहन अग्रवाल सांसद रायपुर एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल सहित, विधायक अंबिकापुर राजेश अग्रवाल, बसना विधायक संपत अग्रवाल और सीएसआईडीसी अध्यक्ष राजीव अग्रवाल मौजूद थे। इस अवसर पर राकेश जालान ने कहा कि यह सम्मान मिलना बड़े गर्व की बात है, इस सम्मान को मैं पेंड्रा की जनता को समर्पित करता हूं। अगर मैं आज इस सम्मान के काबिल बना हूं तो मेरे शहर की जनता के बदौलत बना हूं। कार्यक्रम में अग्रवाल सभा के अध्यक्ष विजय अग्रवाल, अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष कृष्ण कुमार अग्रवाल, कार्यक्रम प्रभारी योगी अग्रवाल, विशम्भर अग्रवाल एवं प्रचार-प्रसार प्रभारी प्रमोद जैन उपस्थित रहे।

## सीईओ ने सुशासन तिहार क्रियान्वयन का किया अवलोकन




**लोरमी।** जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय ने 15 अप्रैल को जनपद पंचायत में सुशासन तिहार के क्रियान्वयन का अवलोकन किया एवं तैयारियों के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उन्होंने सुशासन तिहार से संबंधित गतिविधियों का निरीक्षण किया। उन्होंने मुख्य रूप से आवेदनों की ऑनलाइन एंट्री की प्रगति, संसाधनों की उपलब्धता तथा स्टाफ आदि के संबंध में चर्चा कर सभी आवेदनों की ऑनलाइन एंट्री समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। गौरतलब है कि सुशासन तिहार अंतर्गत पहले चरण में 8 से 11 अप्रैल तक आम जनता से आवेदन प्राप्त कर लिया गया है। दूसरे चरण में प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा और तीसरे चरण में 5 मई से 31 मई तक प्रत्येक 8 से 15 पंचायतों में समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। शिविरों में आवेदकों को उनकी आवेदन की स्थिति की जानकारी दी जाएगी। शिविर में विभिन्न जनकल्याकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी और हितग्राहीमूलक योजनाओं का आवेदन उपलब्ध कराया जाएगा। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर अजय शतरंज, तहसीलदार शेखर पटेल सहित जनपद के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### दृढ़ निश्चय और भक्ति से भगवान की कृपा प्राप्त होती हैं: पं शर्मा

**बेलतरा।** रामफल-रामकली कोरी के निवास पर श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कथा वाचक पंडित अभिषेक शर्मा ने तीसरे दिन की कथा कही। तीसरे दिन ध्रुव की कथा का वर्णन करते हुए करते हुए व्यास पीठ से पंडित अभिषेक शर्मा ने बताया कि ध्रुव की कथा एक प्रसिद्ध हिन्दू पौराणिक कथा है, जो भगवान विष्णु के एक समर्पित भक्त के जीवन पर आधारित है। यह कथा दृढ़ संकल्प, भक्ति और भगवान पर विश्वास के महत्व को दर्शाती है। ध्रुव की तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान विष्णु ने उन्हें वरदान दिया एवं ध्रुव को अपना राज्य दे दिया। ध्रुव ने बाद में राज्य किया और भगवान विष्णु की भक्ति में लीन रहकर अपना जीवन बिताया। ध्रुव की कथा का मुख्य संदेश है कि दृढ़ निश्चय और भक्ति के साथ भगवान की कृपा प्राप्त की जा सकती है। ध्रुव ने भगवान पर पूर्ण विश्वास किया और उसे अपनी भक्ति से सब कुछ प्राप्त हुआ। अर्थात कथा का सारांश यही दर्शाता।



### पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में लोरमी के पहलवानों ने जीता गोल्ड

**लोरमी।** बिलासपुर में राज्य स्तरीय पावर लिफ्टिंग एसोसियन द्वारा 11 से 13 अप्रेल तक पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें इंडोर जिम लोरमी के खिलाड़ियों ने भी भाग लिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए लोरमी के पहलवानों ने 8 स्वर्ण सहित कुल 12 पदक हासिल किया। जयदीप दास वैष्णव ने 105 केजी वर्ग में खेलते हुए स्कॉट, बेंच- प्रेस, डेडलिफ्ट ओवर ऑल 425 केजी, इसी क्रम में केशव आर्मो 74 केजी वर्ग में ओवर ऑल 467 केजी भार उठाकर प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए 4-4 स्वर्ण पदक प्राप्त किया। साथ ही दौलत जायसवाल ने 74 केजी वर्ग में ओवर ऑल 375 केजी भार उठाकर दूसरे एवं तीसरे स्थान पर रहते हुए 2 रजत एवं 2 कांस्य सहित 4 पदक अपने नाम किया। साथ ही प्रकाश अहिरवार ने भी प्रतियोगिता में अपना दमखम दिखाया।






## मनोहर महिला मंडल के कार्यक्रम में बच्चों ने दी शानदार प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

भगवान महावीर जन्म कल्याणक के अवसर पर मनोहर महिला मंडल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में त्रिशला के चौदह स्वपन प्रतियोगिता एवं सुमति संस्कार पाठशाला के बच्चों द्वारा शानदार प्रस्तुति दी गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ नया ओसवाल भवन में सभी वरिष्ठजनों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। मंगालचरण के बाद निर्णायकगण श्रीमति पूर्णिमा सुराना रायपुर, श्रीमति शशि डागा रायपुर, श्रीमति प्रिया बैद राजनांदगांव का स्वागत सम्मान मंडल के सदस्यों द्वारा किया गया। चौदह स्वपन प्रतियोगिता में श्रीमति मुस्कान कोठारी, कविता छाजेड, डॉ. होना पारख, मीनल कोटड़यि, पूजा लोढ़ा, तृप्ति छाजेड़, श्रेया कोटड़यि, नीता चोपड़ा, गुंजन कोटड़यि, अनिता लोढ़ा, पूजा लोढ़ा, कविता लोढ़ा, कीर्ति पारख, सीमा चोपड़ा, एवन सिद्धार्थ राजा, धीरज पारख त्रिशला रानी, डॉ. योजना पारख सभी ने अपनी अद्भूत मनमोहक प्रस्तुति दी। पाठशाला प्रोग्राम में अध्यापक की भूमिका संस्कार लोढ़ा मान्या कोटडिया, कुशल लूनिया, मोक्ष लोढ़ा, दिव्यांश लोढ़ा ने बहुत अच्छे से निभाई। इन दोनों कार्यक्रमो की रुपरेखा और सफल संचालन श्रीमति पारस चौरडिया द्वारा किया गया। सरिता लूनिया, सरिता कोटडिया, शिल्पा कोठारी, पिंकी बंद, माया लोढ़ा, भारती चोपडा, प्रीति कोठारी, रानी लोढा, रेखा छाजेड़, विनीता जैन, प्रीति कोटड़यि, श्रुति लूनिया, मनीष पारख, गुलशन गोलेछा, संभव चोपडा, एवम समस्त सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना विशेष योगदान दिया। इरा कार्यक्रम का पुरस्कार वितरण प्रेमचंद, संदीप लूनिया, कन्हैयालाल, दीपक, विवेक कोटडिया, अनोपचंद बैद, सुभाषचंद जैन, सुभाषचंद चोपडा, कांतिलाल लोढ़ा, नवरतन कोठारी द्वारा किया गया।



कार्यक्रम में जैन समाज की महिलाएं

## खबर संक्षेप

### मिनी वर्ग शतरंज चैम्पियनशिप 20 को

**लोरमी।** जिला शतरंज संघ द्वारा जिला मिनी वर्ग शतरंज चैम्पियनशिप का आयोजन 20 अप्रैल को विकासखण्ड खेल केंद्र ,पुराना बस स्टैंड के पास लोरमी में प्रातः 9.30 बजे से आयोजित किया जाएगा। स्पर्धा के अंतर्गत 7 वर्ष, 9 वर्ष, 11 वर्ष उम्र के बालक-बालिका प्रतिभागी भाग ले सकते हैं। प्रतिभागियों के लिए शुल्क 250 रुपए है। प्रतियोगिता में प्रवेश की अंतिम तिथि 16 अप्रैल को शाम 6 बजे तक है। प्रतियोगिता से चयनित उत्कृष्ट खिलाड़ी बेमेतरा में आयोजित राज्य मिनी सब जूनियर शतरंज चैंपियनशिप में जिला का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### मवेशी लेकर जा रहे वाहन चालक से साथ मारपीट

**तखतपुर।** मवेशी लेकर जा रहे वाहन का रास्ता रोक कर अज्ञात लोगों ने वाहन चालक के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू की। प्राप्त जानकारी के अनुसार लौदा निवासी राजेंद्र सतनामी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि 14 अप्रैल की रात करीब 10 बजे वह ऑटो सीजी 10 बीएच 4517 में बैलों को लेकर जा रहा था। इसी दौरान बीजा गांव के आगे कुछ अज्ञात लोगों ने रास्ता रोककर उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर भाग गए। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने धारा 296, 115,2 351,2 3,5 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## निधन

### चमारिन बाई तिवारी



**बिलासपुर।** ग्राम पेंड्री ज पथरिया निवासी चमारिन बाई तिवारी पति . स्व. सेवक राम तिवारी का निधन हो गया। वे 80 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम में किया गया। वे कमलेश तिवारी, पंकज तिवारी की माता थीं।

### रीता बोले



**बिलासपुर।** दयालबंद निवासी रीता बोले का 15 अप्रैल को 56 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 16 अप्रैल की सुबह 10 बजे दयालबंद स्थित मधुबन मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे स्व. सोमनाथ बोले की पत्नी, मंजीत (मन्नू), महेंद्र व मोहित की मां और विक्रांत, फिरोज, विशाल की भाभी थीं।

### पं. नरेन्द्र मिश्र



**बिलासपुर।** यातायात थाना के सामने सत्यम चौक निवासी अधिवक्ता आयकर पं नरेन्द्र मिश्र का 15 अप्रैल को निधन हो गया। वे 83 वर्ष के थे। उनकी अंतिम यात्रा 16 अप्रैल को दोपहर 12 बजे निज निवास से सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे राजा मिश्र, योगेश मिश्र, रिचा दीक्षित के पिता एवं राजेन्द्र, सुरेन्द्र एवं शैलेन्द्र मिश्र के भाई थे।

### कैलाशा बाई



**बोदरी।** भाड़म निवासी कैलाशा बाई पति स्व श्यामजी यादव का 80 वर्ष की उम्र में मंगलवार 15 अप्रैल को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे रमेश यादव एवं रामशंकर यादव के माता थीं।

## आज भी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे ग्रामीण, जल जीवन मिशन का गांव में नहीं है नामोनिशान

# कुरानकापा का प्राथमिक शाला भवन वर्षों से बंद, पंचायत भवन में लग रहीं कक्षाएं



ग्राम कुरानकापा के लिए जाने वाली सड़क।



ग्राम स्थित जर्जर स्कूल भवन।



पानी टंकी का हुआ अधूरा निर्माण।

चल जाबो पढ़े बर जिनगी ल गढ़ेबर स्लोगन एक दौर था जब हर स्कूल, गली-मोहल्लों की दीवारों पर लिखा हुआ देखने को मिल जाता था, पर अब समय के साथ यह स्लोगन धूमिल होते चला जा रहा है। इसका जीता जागता उदाहरण मुंगेली जिले के जरहागांव के समीप कुरानकापा का प्राथमिक शाला भवन है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जरहागांव

इस स्कूल का भवन पिछले 10 वर्षों से जर्जर हालत में पड़ा है। यहां कक्षाएं लगना भी बंद हो चुकी हैं। मजबूरी में पंचायत भवन में कक्षाएं संचालित करनी पड़ रही है। स्कूल भवन नहीं होने के कारण कई विद्यार्थी स्कूल छोड़ने को मजबूर हो रहे है। शिक्षा विभाग को इसका भान है लेकिन इस दिशा में कोई कार्य नहीं किया जा रहा है।

### भेजी जाएगी जानकारी

स्कूल भवन निर्माण कराने शासन से पत्र आया हुआ है। उक्त पत्र के अनुरूप जानकारी शासन को भेजी जाएगी, ताकि शीघ्र ही कुरानकापा में स्कूल भवन बनाया जा सके।

**-सीके घृतलहरे,**
जिला शिक्षा अधिकारी, मुंगेली

### बरसात के दिनों में नजरबंद हो जाते हैं ग्रामीण

कुरानकापा बस्ती से निकलकर मुख्य सड़क पर जाने के लिए एक सड़क है पर वह सड़क नहीं मौत का मार्ग है। गर्मी के दिनों में सड़क के गड्ढे में लोग गिर रहे हैं तो बरसात के दिनों में सड़क दलदल में तब्दील हो जाती है, जिसेके कारण ग्रामीण गांव से नहीं निकल सकते। नतीजन आपातकालीन दशा में ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### जल जीवन मिशन से अनभिज्ञ हैं ग्रामीण

गांव में पानी की किल्लत से जूझ रहे लोग इधर उधर से जुगाड़ कर निस्तारी कर रहे हैं। जल जीवन मिशन, स्वच्छ पेय जल घर घर तक पहुंचाने का मंशा सरकार की है और इस ओर हर संभव प्रयास किया जा रह है पर विभाग के अधिकारी केवल लीपा पोती में लगे हुए हैं। गांव में जल जीवन मिशन का नामोनिशान नहीं है। गांव में गड्ढे खोदे गए हैं पर किसने और क्यों खुदवाया और क्यों नहीं भरा गया ये ग्रामीणों के लिए भी समझ से परे है।

### गांव में कई दिनों तक छाया रहता है अंधेरा

गांव में जर्जर खंभे से बिजली कनेक्शन दिया गया है। कही खंभे टेढ़े हैं तो कहीं बिजली का तार रस्सी की तरह लटका रहता है। नतीजन आए दिन बिजली बंद रहने से गांव में अंधेरा छाया रहता है। समस्या को सुने कौन। पास में बरेला में विद्युत कार्यालय है पर कोई कर्मचारी झांकने तक नहीं जाता है। जिसके कारण कई जगहों पर तार लटका रहता है।

### क्या कहते हैं ग्रामीण



⏭**अन्नू चतुर्वेदी** ने बताया कि गांव में प्राथमिक शाला तो है पर स्कूल भवन डिसमेंटल हो चुका है। बच्चों की क्लास लगाने के लिए काफी परेशानी होती है। पंचायत भवन में कक्षाएं लगाई जाती हैं। पंचायत का काम आने पर बच्चों को छुट्टी देनी पड़ती है। 10 वर्षों से जर्जर स्कूल भवन का सुध आज तक किसी अधिकारी ने नहीं लिया है। इसकी शिकायत अनेक बार की जा चुकी है पर किसी के कान में जू तक नहीं रेंग रही है। नतीजतन बच्चों की पढ़ाई अधर में है।



⏭**ईश्वर चतुर्वेदी** ने बताया कि सड़क नहीं होने के कारण जो परेशानी गांव वाले भुगत रहे हैं। इसका अंदाजा बरसात के दिनों में लगाया जा सकता है। सड़क से पैदल चलना मुश्किल रहता है। एक एक फीट का गड्ढा आज भी बना हुआ है। आए दिन कोई न कोई गिर कर चोटिल हो रहा है। पूर्व सरपंच के काल में आधी अधूरी सड़क बनाई गई थी।



⏭**मिथुन साहू** ने बताया कि तरई गांव में सबसे ज्यादा किल्लत पानी की है। गांव में कहीं नल नहीं है। टंकी पूरी बनने से पहले ही खराब हालत में पहुंच चुकी है। रोहरा में जलजीवन मिशन का नामोनिशान नहीं है। ग्राम पंचायत कुरान कापा मूलभूत सुविधाओं से अछूता है।



⏭**राजकुमार सोनकर** ने बताया कि गांव में बिजली सप्लाई हेतु ट्रांसफार्मर लगाया गया जो गांव के ऊर्जा भार को उठा नहीं पाता, जिसके कारण बार बार खराब होता रहता है। विभाग बिजली तार के व्यवस्था पर ध्यान नहीं देते अनावश्यक रूप से लटका रहता है। हवा तूफान में टूटकर गिरने का भय बना रहता है। गर्मी के समय में भी मनचाहे बिजली कटौती होती है जिनके कारण उमस भरी गर्मी से परेशान ग्रामीण विद्युत विभाग को कोसते रहते हैं।


## शनिवार को घोषित शासकीय अवकाश समाप्त करने सुशासन तिहार में आवेदन

**पेंड्रा।** विधायक प्रतिनिधि पुष्पराज सिंह ने सुशासन तिहार के तहत मुख्यमंत्री के नाम से कलेक्टर को आवेदन देकर शनिवार को घोषित शासकीय अवकाश समाप्त करने की मांग की है। छत्तीसगढ़ राज्य में सरकारी विभागों के लिए अलग-अलग मापदंड बनाया गया है शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, सप्ताह में 6 दिन संचालित हो रहे हैं वहीं अन्य शासकीय विभागों का सप्ताह में मात्र 5 दिन संचालन किया जा रहा है जिसके कारण विकास कार्य व आम जनता के छोटे-छोटे कर प्रभावित हो रहे हैं तथा लगातार कार्यालय के चक्कर काटने को मजबूर हैं राजस्व विभाग में हजारों प्रकरण लंबित है। पूर्व में शनिवार को सभी शासकीय कार्यालय संचालित होते थे उसी प्रकार पुनः शनिवार को कार्य दिवस घोषित किया जाए जिससे शासकीय कार्य हेतु प्रत्येक माह 4 से 5 दिन का अतिरिक्त समय प्राप्त होगा जो आम जनता के लिए वास्तविक सुशासन तिहार होगा। विधायक प्रतिनिधि पुष्पराज सिंह ने कहा है कि प्रशासकीय कार्य में तेजी लाने हेतु प्रत्येक शनिवार को घोषित शासकीय अवकाश को समाप्त कर सुशासन तिहार पर्व पर आम जनता को सच्ची खुशहाली प्रदान की जाए।

## सेमरसल में मिला 18 सौ साल पुराना शिलालेख

### उकेरे गए हैं ब्राम्ही अक्षर और प्राकृत भाषा के शब्द

हरिभूमि न्यूज ⏭ लालपुर



मुंगेली जिले के लालपुर तहसील के सेमरसल ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक स्थल है। यहां के तालाब से एक पाली भाषा का शिलालेख प्राप्त हुआ है, जिसमें ब्राम्ही अक्षर और प्राकृत भाषा के शब्द उकेरे हुए हैं।

यह शिलालेख प्रारंभिक ईसाई युग के दौरान छत्तीसगढ़ के इतिहास का एक महत्वपूर्ण संदर्भ है। शिलालेख को 1-2 शताब्दी ईसा पूर्व का बताया जा रहा है। लोगों का मानना है कि इस क्षेत्र में रतनपुर और तखतपुर राजाओं का संयुक्त शासन था, साथ ही यह भी माना जाता है कि अपनी युवावस्था के दौरान एक ऋषिइस जगह पर आए थे और समाज की भलाई के लिए पीपल के पेड़ की खोह में कठिन तपस्या की थी। एक योगी होने के नाते वे इस बात का पूरा ध्यान रखते थे कि खुद को किसी सांसारिक मामलों में न उलझाएं, जो उन्हें अपने दिव्य उद्देश्य को प्राप्त करने से विचलित कर दे। सेमरसल की जिस जगह से इस शिलालेख को प्राप्त किया गया है, उस स्थान पर चार पुराने मंदिर हैं। मंदिर परिसर में एक विशाल पीपल का पेड़ है, जहां प्रतिवर्ष माघ पूर्णिमा के अवसर पर विशाल मेला लगता है।

### सिद्ध मुनिबाबा के नाम से प्रसिद्ध है मेला

ग्रामीणों ने बताया कि यहां प्रति वर्ष माघ पूर्णिमा पर मेले का आयोजन किया जाता है। इस दौरान मंदिर के बाहर बने अनेक मंदिर हैं, जो पेड़ों के नीचे खुला स्थान पर है। मेले के दौरान श्रद्धालुओं के द्वार पूजा पाठ कर मनोकामना की कामना करते है। अभी के दौर में यह मेला मुनि बाबा के नाम से प्रसिद्ध है।

## छमाही उर्स पर उमड़ेगी जायरिनों की भीड़



**सीपत।** सैय्यद इंसान अली शाह रहमतुल्लाह अलैह का महीना उर्स आज बुधवार को को बड़े ही उत्साह के साथ बनाया जाएगा। इस बार का यह महीना उर्स कई मायनों में अहम है, दरअसल ईद के बाद पहली बार होने वाला यह महीना उर्स हुजूर बाबा इंसान अली के सालाना उर्स के बाद का छठवां महीना उर्स है। इसलिए दरगाह कमेटी इसे छमाही उर्स के रूप में मनाने जा रही है। इस मौके पर बड़ी संख्या में जायरीनों की भीड़ उमड़ने की संभावना है। दरगाह प्रबंधन कमेटी द्वारा शुद्ध शाकाहारी लंगर के साथ ईद की सेवइयों का भी इंतजाम जायरीनों के लिए किया गया है। उर्स में लुतरा शरीफ के जनाब असलम खान ने दरगाह को आकर्षक फूलों से सजाया है। इंतेजामिया कमेटी के चेयरमेन इरशाद अली ने बताया कि लुतरा शरीफ की इस सरजमीं से कौमी एकता, भाईचारा और सद्भावना की बयार पूरे छत्तीसगढ़ में बहती है। मान्यता है कि लोगों के बिगड़े काम यहां आने से बन जाते हैं, यही कारण है कि सभी धर्म के लोग यहां आकर हुजूर बाबा सैय्यद इंसान अली शाह के फैज से अपने दुख मुसीबत से छुटकारा पाते हैं।

## तीसरे दिन लापता हुए पांचवें का भी नहर में मिला शव

**कोरबा।** एक तेज रफ्तार पिकअप तीन दिनों पूर्व अनियंत्रित होकर नहर में गिर गई थी। जिसमें सवार 5 लोग लापता हो गए थे। जिसमें से 4 लोगों का शव पुलिस ने पहले ही नहर से बरामद कर लिया था। पांचवे का शव नगरदा के समीप नहर से बरामद कर लिया गया है। जहां वैधानिक कार्रवाई के उपरांत शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि पड़ोसी जिला सक्ती थाना बाराद्वार के ग्राम रेड़ा निवासी लगभग 25 लोग पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 10 सी 7720 में सवार होकर रविवार की सुबह छठी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खरहरी आ रहे थे कि तेज रफ्तार पिकअप वाहन रविवार को अनियंत्रित होकर सड़क के दूसरे तरफ बने नहर में मुकुंदपुर के पास जा गिरी थी। वहीं पिकअप में सवार ईतवारी बाई 60 वर्ष, तान्या साहू 8 वर्ष, नमन 2 वर्ष, मानमती कंवर 70 वर्ष और जामबाई कंवर 70 वर्ष नहर के तेज बहाव में बह गये थे। रविवार की देर शाम नगरदा से इतवारी बाई के शव को पुलिस ने बरामद कर लिया था। घटना के तीसरे दिन मंगलवर को जामबाई कंवर 70 वर्ष का शव नगरदा के समीप नहर से बरामद कर लिया गया है।







### आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने पक्षकार श्री दिनेश गुप्ता पिता श्री शिवजी गुप्ता से अधिकृत होकर एवं निर्देशित होकर निम्न आशय की आम सूचना का प्रकाशन करता हूँ कि मौजा पीपरतराई प.ह.नं. -06, रा.नि.मं. व तहसील कोटा जिला बिलासपुर छ.ग. में स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर क्रमशः 1744/2क, 1758/2, 1759/11, 1744/15, 1754, 1758/2, 1760, 1759, कुल रकबा 4.65 एकड़ को भूमि स्वामिनी संतोषी यादव पति श्री कुमार यादव निवासी मेण्ड्रा तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. ने मेरे उक्त पक्षकार से विक्रय करने का पक्का सौदा कर बतौर बयाना राशि प्रदान किया है। उक्त भूमि की रजिस्ट्री निकट भविष्य में मेरे पक्षकार के पक्ष में किया जाना है, जिस पर किसी भी शासकीय, अर्धशासकीय निजी बैंक, समिति/संस्था विभाग या व्यक्ति को दावा आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर नीचे दिये पते में दस्तावेज प्रस्तुत कर सकते है, नियत अवधि बाद दावा आपत्ति मान्य नही होगा।

भवदीय
हरिकृष्ण शर्मा
अधिवक्ता
कार्यालय दुकान क्र 121
डी.एस.एस. काम्पलेक्स मुंगेली नाका
जिला बिलासपुर छ.ग.
मो. 9300293941

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)
// ईश्तहार //

क्रमांक / / अति.तह./वा./2025
बिलासपुर, दिनांक 02/04/2025

ग्राम परसदा के सर्व साधारण / आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम परसदा प.ह.न. 49 तहसील बिलासपुर स्थित भूमि ख.न. 251 एवं 609/6 रकबा 0.7370. 0.0160 हे. एकड़ भूमि की फौती नामांतरण / नामांतरण / अभिलेख सुधार के लिए श्रीमती परेटन बाई आ. स्व. बिसाहू निवासी नहरपारा द्वारा आवेदन किया गया।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनाँक 23/04/25 को सुबह 11.00 स्वय अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित हो कर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।

आज दिनॉक ../../2025 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

अतिरिक्त तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)

### कार्यालय प. ह. न. लिंगियाडीह राजस्व निरीक्षक मंडल मोपका तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**सूचना**

क्रमांक/Q/सीमांकन/तह/2025
बिलासपुर दिनांक 7/4/2025

प्रति. 1. आवेदक प्रेमनारायण मिश्रा पिता के. बी. मिश्रा ईमली पारा बिलासपुर समीपस्थ भूमि स्वामी 2. अजीत गोस्वामी 3. गीता देवी 4. सुभाष शर्मा
विषय- सीमांकन में उपस्थिति बाबत।

संदर्भ न्यायालय तहसीलदार/ना, तहसीलदार बिलासपुर के जापन क्रमांक Q तह/ना. तह/वा/2024 बिलासपुर, दिनांक 1/04/2025

ग्राम लिगियाडीह भूमि प.ह.न. 31 रा.नि.म. मोपका तहसील व जिला-बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 15/1509 रकबा 0.0185 हेक्टेयर के सीमांकन हेतु आवेदक प्रेमनारायण मिश्रा पिता वी.के. मिश्रा निवासी इमलीपारा बिलासपुर के द्वारा छ.ग.भू राजस्व संहिता, 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार/ना. तहसीलदार विलासपुर आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

सदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 17/4/2025 को समय 11 से 5 बजे से किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित होवे एवं उक्त समय पश्चात की आपति पर विचार नहीं किया जावेगा।

पटवारी लिंगियाडीह
प.ह.न. 31, बिलासपुर

### इकरारनामा

मन के मैं कुंती बाई, उम्र 60 वर्ष पुत्री भाऊलाल (पति गोपाल प्रसाद सूर्यवंशी), निवासी नवापारा, घुटकु, तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) आधार क्रमांक 2211 3571 9676, ऋण पु.क्रं. पी 2482109, की हूं जो कि निम्न लिखित इकरार करती हूं कि :-

जो कि मेरे नाम पर भूमिस्वामी हक की भूमि स्थित वाके मौजा तिफरा, प.ह.नं.40, रा.नि.मं. सिरगिट्टी, विकास खण्ड बिलासपुर तहसील एवं जिला बिलासपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नं. 1386/3, रकबा 0.14 एकड़/0.056 हेक्टेयर (लगभग 6104 वर्गफीट) भूमि है, जो कि सभी संबंधित भू-अभिलेखो, राजस्व प्रपत्रो मे मेरे नाम पर दर्ज है। तथा उक्त भूमि कहीं भी किसी भी संस्था अथवा व्यक्ति अथवा बैंक मे रहन, गहन, बय, बख्शीश, वसीयत आदि नहीं है तथा हर तरह से ऋण भार एवं विवाद मुक्त है। मुझे निजी कार्य हेतु रकम की जरूरत है जिस हेतु उक्त भूमि को मैने क्रेता श्री अमित संतवानी, उम्र 41 वर्ष पिता श्री हीरा लाल संतवानी, निवासी सिंधी मोहल्ला, मसानगंज, बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) आधार क्रमांक 6033 4198 9702 के पास मुब. 1000/- एक हजार रूपये प्रति वर्गफीट के दर से बिक्री करने का पक्का सौदा कर क्रेता से बतौर बयाना के 21,000/- इक्कीस हजार रूपये नगद गवाहो के समक्ष प्राप्त की हूं तथा उक्त संपत्ति पर विक्रेता द्वारा उक्त भूमि पर बाऊण्ड्रीवाल करा कर दिया जाएगा जिसका व्यय क्रेता द्वारा किया जाएगा व बाऊण्ड्रीवाल के पश्चात 2,00,000/- दो लाख रूपये चेक क्रमांक 510732 दिनांक 15.04.2025 इंडसइंड बैंक का चेक दिया जाएगा एवं 7 दिवस का पेपर ईश्तीहार दिया जाएगा तथा ईश्तीहार पश्चात किसी भी प्रकार वाद विवाद उत्पन होता है तो उक्त सौदा निरस्त माना जाएगा एवं बयाना राशि विक्रेता द्वारा क्रेता को बिना ब्याज के लौटा दिया जाएगा। बाकी बचत रकम वक्त रजिस्ट्री के 03 माह तक क्रेता से प्राप्त कर क्रेता के नाम पर या क्रेता द्वारा बताए गए किसी भी नाम पर रजिस्ट्री कार्य कर दूंगी। यदि समय पर रजिस्ट्री कार्य करने में किसी भी पक्ष (विक्रेता - क्रेता) द्वारा किसी भी प्रकार का हिला हवाला किया जाता है तो हिला हवाला करने वाला पक्ष कुल नुकसानी का देनदार होगा तथा कानूनी कार्यवाही कर अदालत द्वारा रजिस्ट्री करावेगा। रजिस्ट्री से पूर्व मुझ विक्रेता द्वारा उपरोक्त भूमि का रजिस्ट्री संबंधित समस्त दस्तावेज पूर्ण एवं विधिवत सीमांकन कराकर दिया जावेगा। रजिस्ट्री खर्च क्रेता द्वारा वहन किया जावेगा।

**अमित संतवानी**
**मो. 9098911118**

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)
// ईश्तहार//

क्रमांक / / अति.तह./वा./2025
बिलासपुर, दिनांक 02/02025

ग्राम बिरकोना म.न. 02 के सर्व साधारण / आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम बिरकोना प.ह.न. 47 तहसील बिलासपुर स्थित भूमि ख.न. 943 रकबा 0.4090 एकड भूमि की अभिलेख सुधार के लिए श्री रामू श्रीवास आ. सुन्दर लाल निवासी तिफरा द्वारा आवेदन किया गया।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनाँक 23/04/25 को सुबह 11.00 स्वय अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।

आज दिनाँक ..../.../2025 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी

अतिरिक्त तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)

### न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी पेण्ड्रारोड जिला-गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, (छ.ग.)

रा.प्र.क्र......./ब-121/2024-25
ग्राम- बिज़रवार प.ह.न. 20
// ईश्तहार //

आम जनता व सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है की ग्राम बिजरवार तहसील पेण्ड्रारोड जिला-गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.) को सूचित किया जाता है की आवेदक हरिराम यादव पिता जसदेव सिंह जाति यादव निवासी बिजरवार तहसील पेण्ड्रारोड जिला-गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक के स्वयं नाम हरिराम यादव पिता जसवंत जाति यादव कि जन्म/मृत्यु ग्राम बिजरवार में दिनांक 14/05/1950 को हुआ है। जो की अज्ञानतावश अपने स्वयं जन्म/ मृत्यु पंजीयन नहीं करा पाया है जो आवेदक जन्म/मृत्यु पंजीयन किये जाने हेतु अनुतोष चाहा गया है।

अत: उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति लिखित में दिनांक 17.04.25 तक मेरे न्यायालय में प्रस्तुत करे अन्यथा प्राप्त दावा आपति पर विचार किया जाना संभव नही होगा। आज दिनांक 04.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुहर द्वारा इश्तहार जारी किया गया।

**तहसीलदार एवं कार्यपालिक**
**दण्डाधिकारी, पेण्ड्रारोड**

### आम सूचना

सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे आसामी के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि मौजा परसदा प.ह.नं 49, रा.नि.मं. सिरगिट्टी, खसरा नंबर 244/7 रकबा 0.031 हेक्टे./1500 वर्गफीट को क्रेता प्रकाश कुमार सोनी पिता रमेश सोनी से समय सीमा के अंतर्गत विक्रय अनुबंध किया था, क्रेता के द्वारा समय-सीमा के अंतर्गत पंजीयन नहीं कराने से मेरे आसामी के द्वारा विधिवत पंजीकृत विधिक सूचना पत्र के माध्यम से दिनांक 21/03/2025 को भेजा था, प्राप्ती होने के 07 दिवस के अतिरिक्त समय दिये जाने के बावजूद भी विक्रय पंजीयन इकरारकर्ता/प्रकाश कुमार सोनी के द्वारा नहीं किया गया है। जिसके अनुसार मेरे आसामी के बीच निष्पादित अनुबंध दिनांक 03/09/2024 वैधानिक रूप से निष्प्रभावी एवं शून्य हो चुका है। मेरा आसामी भविष्य में अन्य व्यक्ति के पक्ष में उपरोक्त इकरारशुदा भूमि का विक्रय पंजीयन हेतु स्वतंत्र रहेगा तथा भविष्य में इकरारनामा के आधार पर कोई वैधानिक दायित्व मेरे आसामी के लिए बंधनकारी नहीं होगा। सो सूचना जानें

दिनांक: 15/04/2025 बिलासपुर (छ.ग.)

**भवदीय**
**व्ही.एस. तिवारी (अधिवक्ता)**
**छ.ग. उच्च न्यायालय, बिलासपुर**
**(छ.ग.) मो. 9755984293**

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.)

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 20250425050003अ-2/ 2024-25
ग्राम बरछा प.ह.नं. 6

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवे. गंगा साहू पति कृष्णा साहू निवासी मोहभट्ठा तहसील सरगांव जिला मुंगेली (छ.ग.) द्वारा ग्राम बरछा प.ह.न. 6 स्थित स्वामित्व हक की भूमि खसरा नं. 25/4 रकबा 0.1780 हे. को औद्योगिक प्रयोजन हेतु डायवर्सन बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जो विचाराधीन है। जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति / दावा प्रस्तुत करना हो तो स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 23/04/2025 तक कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकते हैं। समय पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा)**
**पथरिया, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

### न्यायालय नायब तहसीलदार जरहागांव जिला मुंगेली (छ.ग.)

**नोटिस**

रा.प्र.क्रं. 202503252100005 / अ - 6 "अ"/2023-24
ग्राम बरेला प.ह.नं. 09

एतद् द्वारा 1. रमेश पिता समारू पता नामालूम को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री भोकईराम व. कार्तिकराम जाति तेली निवासी ग्राम बरेला तहसील जरहागांव जिला - मुंगेली छ.ग. द्वारा ग्राम बरेला स्थित संयुक्त खाता की भूमि खसरा नंबर 846/3 रकबा 0.057 हे. को वर्ष 1988-89 में पंजीकृत बैनामा द्वारा क्रय कर दाखिल काबिज चला आ रहा हूँ । उक्त भूमि से त्रुटिवश गैर खातेदार रमेश पिता समारू का छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 115 116 के तहत विलोपित किये जाने हेतु आवेदन पत्र पेश किया है। जिसमें आप बतौर अनावेदक है। अत: उक्त नाम विलोपन के संबंध में कोई आपत्ति / दावा या उजर हो तो आप स्वयं या अपने मान्य अभिकर्ता के माध्यम से 22.4.25 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते है, बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा एवं उक्त खाता विभाजन के संबंध में मौन सहमति मानी जावेगी।

आज दिनांक 07/04/25 को मेरे न्यायालय की मुहर एवं पद सील से हस्ताक्षर कर जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
**जरहागांव, जिला मुंगेली (छ.ग.)**

### आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री जियाउद्दीन खान वल्द इनामुद्दीन खान, उम्र 50 वर्ष, जाति-मुसलमान, निवासी सरगांव, थाना हिर्री, तह पथरिया, जिला मुंगेली द्वारा श्री बसंत श्रीवास्तव वल्द स्व. कृष्णा कुमार श्रीवास्तव, उम्र 50 वर्ष, जाति कायस्थ, पेशा व्यवसाय, निवासी ग्राम भारतीय नगर बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) से इनके स्वामित्व की कृषि भूमि ख.नं. 1923 रकबा 0.79 एकड़ ग्राम सरगांव, प.ह.नं. 32, तहसील व ब्लाक पथरिया, जिला बिलासपुर को खरीदने का पक्का सौदा कर लिखित करार किया जा चुका है एवं ब्याना की रकम दी जा चुकी है। इकरारनामा के शर्तो के अनुसार राजस्व अभिलेख अद्यतन किये जाने के पश्चात रजिस्ट्री की कार्यवाही पूर्ण की जानी है, इस बाबत यदि किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, शासकीय/ अर्धशासकीय कार्यालय या अन्य किसी को यदि किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो सूचना के 7 दिनों के अंदर समस्त कागजात सहित मेरे यहां उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है तथा उसके पश्चात की गई किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। सो सूचना जाने।

दिनांक

**भवदीय**
**विवेक त्रिपाठी**
**अधिवक्ता**
**बिलासपुर (छ.ग.)**
**मो. 9425572492**

### न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर जिला बिलासपुर
**मामले की श्रेणी: राजस्व**

संदर्भ :- जिला बिलासपुर तहसील बिलासपुर प.ह.न. - 00029 मोपका ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- RD202425400107300129

**ईश्तहार**

तहसील बिलासपुर के प.ह.न. 00029 के अंतर्गत ग्राम मोपका के वर्तमान भूमिस्वामी आदिवासी गृह निर्माण सह. समिति मर्या. बिलासपुर व्दारा अध्यक्ष यशवंत कुमार सिंह पिता/ पति - लाल अरि सिंह पता पता कंतेली हा. मु. नेहरूनगर बिलासपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 993/2/छ/1 (1.2942) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्रीमती ज्योत्सना शीला मिंज पिता/पति-बी.के. मिंज पता - राजेन्द्र नगर बिलासपुर के नाम पर पंजीयन/ फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 17/04/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर जिला बिलासपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01/04/2025 को जारी किया जाता है।

**तहसीलदार**
**Mukesh Kumar Dewangan**
**तहसील - बिलासपुर**

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, बुधवार 16 अप्रैल 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



उत्सव

## संत भक्त कंवर राम की जीवनी को याद कर किया गया नमन



**बिलासपुर।** संत शिरोमणि भक्त कंवर राम का 140 वां जन्मोत्सव संत कंवर राम सेवा समिति सिंधी कालोनी ने श्रद्धा व उत्साह से मनाया। इस दौरान डा. ललित माखीजा ने सनातन धर्म की रक्षा के लिए जागरूक रहने का आव्हान किया एवं संत भक्त कंवर राम की जीवनी को याद कर उन्हें नमन किया। समाज के रूपचंद डोडवानी ने बताया कि प्रातः संत कंवर राम गेट के पास स्थापित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर उन्हें नमन कर याद किया गया। आजाद नगर स्थित सिंधी गुरुद्वारा के प्रबंधक भाई साहब अमर रुपाणी एवं भाई साहब चंद्रकुमार जज्ञासी ने अरदास कर सर्व धर्म समाज विश्व कल्याण की मंगल कामना की। नानक खटूजा सहित समाज के वरिष्ठ जनों ने अपने विचार व्यक्त किए। अंत में शरबत, प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर संत कंवर राम सेवा समिति, पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत, श्री झूलेलाल सेवा समिति, सेंट्रल पंचायत युवा विंग, समस्त पूज्य सिंधी पंचायत, सिंधी युवक समिति, भारतीय सिंधु सभा, सिंधु चेतना, शहीद हेमू कालाणी सांस्कृतिक मंडल, सिंधी एलाइंस कल्चरल फोरम, सिंधी सेवा समिति के पदाधिकारी, सदस्य एवं समाज के लोग उपस्थित रहे।

■ सिंधी समाज ने उत्साह से मनाया 140वां जन्मोत्सव

कार्यक्रम

## बच्चों के कौशल विकास के लिए अटल टिंकरिंग लैब महत्वपूर्ण



**बिलासपुर।** भारत रत्न डॉ बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती अटल टिंकरिंग लैब स्वामी आत्मानंद शासकीय बहुद्देशीय विद्यालय बिलासपुर में कम्युनिटी डे के रूप में मनाई गई। इस दौरान पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिल्दा नेवरा के प्राचार्य श्री सोनी ने अटल टिंकरिंग लैब की प्रशंसा करते हुए इसे छात्र-छात्राओं के कौशल विकास हेतु महत्वपूर्ण बताया और कहा कि एटीएल आज समय की मांग बन गई है। कार्यक्रम के आरंभ में प्राचार्य डॉ चंदन ने देश की प्रगति में बाबा भीमराव एवं एटीएल की भूमिका पर प्रकाश डाला। एटीएल प्रभारी डॉ धनंजय पाण्डेय ने डिजाइन की भूमिका का प्रोडक्ट और एंटरप्रेन्योर पर पड़ने वाले प्रभाव को बताया। छात्र अदीबा, वैष्णवी और आंचल सिंह ने फिल्टर ऐश जो थ्री डी प्रिंटर द्वारा बनाया गया है, को विस्तार से समझाया एवं इनोवेशन जुड़ने में डी प्रिंटर के महत्व को बताया। छात्रा कु. आयुषि शर्मा ने अटल टिंकरिंग लैब से जुड़कर अपने हौसलों से ऊंची उड़ान भरने का जिक्र किया तथा अपने प्रोडक्ट को पेटेंट करने की इच्छा व्यक्त की। अंत में लैब प्रभारी डॉ धनंजय पाण्डेय ने आभार प्रदर्शन किया । ज्ञात हो कि प्राचार्य श्री सोनी के नेतृत्व में 4 सौ छात्र-छात्राएं एटीएल लेब पहुंचे थे।

■ आत्मानंद बहुद्देशीय स्कूल में कम्युनिटी डे मनाया गया

भ्रमण

## छात्राओं ने शैक्षणिक भ्रमण में जाना ऐतिहासिक वस्तुओं का संरक्षण



**बिलासपुर।** शासकीय बिलासा कन्या महाविद्यालय पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान की छात्राओं ने शैक्षणिक भ्रमण किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस.आर. कमलेश ने बताया कि शासकीय बिलासा कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान बीलिब आईएससी एवं एमलिब आईएससी की 37 छात्राओं की 7 दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण सम्पन्न हो गया। उन्होंने बताया कि छात्राओं ने जयपुर के सभी ऐतिहासिक धरोहर को देखा। अल्बर्ट हाल म्यूजियम गए । यह राजस्थान का सबसे प्राचीन संग्रहालय है। इसे 1887 में जनता के लिए खोला गया। जहां 18 वीं सदी में बनाए गए वस्तु को संरक्षित रखा गया है। पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान के छात्राओं को पांडुलिपियों, कलाकृतियों एवं ऐतिहासिक वस्तुओं के वर्गीकरण, संरक्षण, डिजिटलीकरण एवं सूचना सेवा से संबंधित एवं ज्ञान के संरक्षण और प्रसार की प्रक्रिया को समझने का अवसर मिला। इस संग्रहालय में ऐतिहासिक वस्तुएँ, पांडुलिपियाँ– सांस्कृतिक, फारसी और अरबी में लिखी गई दुर्लभ पांडुलिपियां यहां संरक्षित हैं। ये आयुर्वेद, ज्योतिष, धर्म और इतिहास से संबंधित हैं। लघुचित्र एवं पोथियां, राजस्थानी एवं मुगल लघुचित्रों के माध्यम से सांस्कृतिक कथाओं का चित्रण उपलब्ध है।

■ जीडीसी की छात्राओं ने देखी ऐतिहासिक धरोहर



### पंजाबी महिला समाज ने उत्साह से मनाया वैसाखी पर्व

पंजाबी महिला समाज ने मंगलवार को महापौर पूजा विधानी व निलम गुलाटी देहरादून के मुख्य आतिथ्य में वैसाखी पर्व के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें वैसाखी पर आधारित गीत-संगीत गाए गए। वैसाखी का खास महत्व है। इस दिन सिखों के 10वें गुरु गोविन्द सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना की थी।

# महिलाओं ने वैसाखी पर गाए गीत

**बिलासपुर।** सरकंडा में आयोजित इस कार्यक्रम में समाज की छाया ठकराल ने बतााया कि वैसाखी पर्व को मुख्य रुप से उत्तर भारत में मनाया जाता है। पंजाब और हरियाणा में इस पर्व का विशेष महत्व है। वैसाखी को कृषि उत्सव के साथ ही एक धार्मिक पर्व के रुप में भी देखा जाता है। इस दिन को सिख धर्म के लोग सिख नववर्ष के रूप में भी मनाते हैं। वैसाखी को विसाखी और वैसाखी के नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने बताया कि 1699 में वैसाखी के दिन सिखों के 10वें गुरु गोविन्द सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना की थी। उन्होंने उच्च एवं निम्न जाति-समुदायों के मध्य भेदभाव को समाप्त किया तथा सभी मनुष्यों में समानता की घोषणा की। साथ ही गुरु ग्रंथ साहिब को शाश्वत मार्गदर्शक और सिख धर्म का पवित्र ग्रंथ घोषित किया गया। वैसाखी के दिन किसान फसल को काटकर घर लाते हैं और इस दिन को खुशी के रुप में मनाते हैं और भगवान का धन्यवाद करते हैं।

**इनकी रही उपस्थिति :** कार्यक्रम में डॉ प्राची गुलाटी ठकराल, डॉ मानसी खेत्रपाल ठकराल, डा. मीना खेत्रपाल, चंदर खेत्रपाल, हिंदू पंजाबी महिला संस्था की अध्यक्ष योगिता दुआ, रजनी ऋषि, रेखा गुल्ला, रूपाली खेत्रपाल, रूचि, नीरू खेत्रपाल, शेफाली घोष, आरती दाण्डेकर, पंजाबी समाज सनातन सभा की अध्यक्ष अंजू दुआ, सचिव नीता दुआ, अन्नू भण्डारी, रश्मि गुरुदत्ता, खुश्बू अग्रवाल, मीनू, निरजा तिवारी, आराधना शुक्ला सहित अन्य महिलाएं भारी संख्या में उपस्थित थीं।

### सजाई गई रंगोली

कार्यक्रम स्थल में फूलों से आकर्षक रंगोली सजाई गई थी। वेलकम वाली इस रंगोली ने सहज ही अपनी ओर ध्यान आकर्षित किया।



# यह बीते पलों की स्मृतियों, संबंधों और संकल्पों का उत्सव



**बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र में मंगलवार को प्रथम पूर्व छात्र मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सत्र 2005 से 2024 तक के 20 बैच के स्नातक एवं 2017 से 2024 तक के 8 बैच के स्नातकोत्तर उपाधिधारी पूर्व छात्रों के सम्मान एवं संवाद के लिए आयोजित किया गया।**

**बिलासपुर।** मुख्य अतिथि डॉ. ए.के. साहू ने कहा कि यह समारोह न केवल पुनर्मिलन है, बल्कि यह बीते पलों की स्मृतियों, संबंधों और संकल्पों का उत्सव है। डॉ. सी.आर. गुप्ता ने पूर्व छात्रों की उपलब्धियों को संस्थान की पूँजी बताया, वहीं डॉ. एस.आर. पटेल ने विद्यार्थियों की प्रगति में पूर्व छात्रों की प्रेरणा को महत्वपूर्ण बताया।पूर्व प्राध्यापक डॉ. देवेश पांडे ने पूर्व छात्रों के योगदान को भावी पीढ़ी के लिए पथप्रदर्शक बताया। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. एन.के. चौरे ने महाविद्यालय की स्थापना, विकास यात्रा और वर्तमान उपलब्धियों को साझा करते हुए बताया कि वर्ष 2001 में 40 विद्यार्थियों से शुरू हुआ यह संस्थान आज 1227 से अधिक कृषि स्नातक तैयार कर चुका है। छह विषयों में स्नातकोत्तर शिक्षा के साथ यह महाविद्यालय राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना चुका है। पूर्व छात्र आज कृषि, अनुसंधान, प्रशासन, शिक्षण, निजी क्षेत्र एवं स्टार्टअप्स के माध्यम से देश-विदेश में संस्थान का नाम रोशन कर रहे हैं। डॉ. चौरे ने पूर्व छात्रों को संस्थान के ब्रांड एंबेसडर बताते हुए इस मिलन को एक परंपरा बनाने का आह्वान किया। आयोजन को सफल बनाने में सुनीत साहू, अजय अनंत, जगदीश यादव, प्रेमलता यादव, शशांक शिंदे, दिनेश गांधी, नारद भारद्वाज, कुलदीप पटेल, राजेश बंजारे, पंचराम मिर्झा, मधुप चंदन, गुलाब सिंह राजपूत, तरुण साहू समेत समस्त प्राध्यापक, वैज्ञानिक, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों का योगदान सराहनीय रहा।

■ प्रथम पूर्व छात्र मिलन समारोह

### विद्यार्थियों ने दी रंगारंग प्रस्तुति

योगेश दुबे, अध्यक्ष, एल्युमिनाई एसोसिएशन ने कहा कि यह मंच महाविद्यालय और पूर्व छात्रों के मध्य सेतु निर्माण का कार्य करेगा तथा विकास में सहभागी बनने का अवसर प्रदान करेगा। समारोह में स्मृति चिन्ह भेंट कर पूर्व छात्रों का सम्मान किया गया। साथ ही विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसमें मानसी चंद्राकर, पी. दीपिका, राजेश्वरी कुर्रे एवं नारद भारद्वाज ने मंच संचालन किया।

# बारह खोली चौक में सोलापुरी माता पूजा उत्सव की मनेगी सिल्वर जुबली

बारह खोली चौक स्टेशन रोड में श्री सोलापुरी माता पूजा उत्सव सिल्वर जुबली समारोह की तैयारी आरंभ हो चुकी है। 25 अप्रैल को माता का आगमन होगा। 4 मई तक देवी के अलग-अलग स्वरूपों की स्थापना कर विधि-विधान से पूजा की जाएगी।



25 अप्रैल को होगा माता का आगमन

**बिलासपुर।** आयोजन समिति के अध्यक्ष वी रामाराव और सचिव एस सांई भास्कर ने बताया कि बिलासपुर में रहने वाले दक्षिण भारतीयों ने साल 2000 में दक्षिण भारत और खड़कपुर की परंपरा की शुरुआत बिलासपुर में भी करते हुए सोलापुरी माता पूजा आरंभ की थी। देखते-देखते आयोजन को 25 वर्ष पूरे हो गए। रजत जयंती वर्ष में समारोह को और भी भव्य एवं विशाल आकार देने की तैयारी है। जिसके लिए कार्य आरंभ कर दिया गया है। इस वर्ष 24 अप्रैल को राटा पूजा के साथ आयोजन का शुभारंभ होगा। आयोजन समिति के अध्यक्ष ने बताया कि इस वर्ष खड़कपुर के पुजारी पार्थ सारथी द्वारा माता के उन स्वरूपों की स्थापना की जाएगी। जिसके दर्शन स्थानीय भक्तों ने अब तक नहीं किए हैं। इस वर्ष 9 दिन अलग-अलग स्वरूपों में मातारानी विराजमान होंगी। वहीं खड़कपुर से आए विशेष रसोईये मां के लिए प्रतिदिन अलग-अलग प्रकार के भोग तैयार करेंगे। भोग निर्माण के लिए जगदीश और उनके सहयोगी आएंगे। डफली वादक और काली नृत्य करने वाले कलाकारो द्वारा भी आयोजन को नई ऊंचाईयां दी जाएगी। आयोजन के दौरान प्रतिदिन निःशुल्क कूपन वितरण और उस कूपन की लॉटरी निकालकर बच्चों और महिलाओं को विशेष उपहार भी प्रदान किया जाएगा।

### ये होंगे यजमान

इस वर्ष राटा पूजा के यजमान विजय नायर, माधवी व शुभम नायर होंगे। जिनके वॉयरलैस कॉलोनी निवास से राटा पूजा शोभायात्रा निकलेगी। महाकुंभम पूजा के यजमान काशी राव, जी. कमला, जी. संतोष और जी. अंतरा है।

### खड़कपुर के लाइट्स से सजेगा पंडाल

सिल्वर जुबली वर्ष होने के कारण इस बार पंडाल का आकार भी विशाल किया गया है। जिसकी सजावट के लिए खड़कपुर से विशेष लाइट्स मंगाए गए हैं। वहीं पंडाल को फूलों से भी सजाया जाएगा। प्रतिदिन धार्मिक कार्यक्रम होंगे। बिलासपुर में जी काशीराव की प्रेरणा से 12 खोली बंगला यार्ड में सोलापुरी माता पूजा की शुरुआत हुई थी। जिसकी आज अपनी एक अलग पहचान बन गई है। इस आयोजन में सम्मिलित होने छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जिलों के अलावा दक्षिण भारत और खड़कपुर से भी श्रद्धालु बिलासपुर पहुंचते हैं। प्रतिदिन माता की विशेष पूजा अर्चना के साथ यहां कुमकुम पूजा और महाकुंभम का भी आयोजन किया जाएगा।





### मुत्यालम्मा देवी के रूप में भक्तों ने किया दर्शन

सिरगिट्टी के शुभम विहार में आयोजित सोलापुरी माता पूजा पंडाल में मंगलवार को भक्तों ने देवी माता के मां मुतयालम्मा के रूप में दर्शन किया। बुधवार 16 अप्रैल को शाम को 8 बजे मां सोलापुरी की मां गायत्री देवी, सोलापुरी, नोकलम्मा तीन रूपों में एक साथ दर्शन होगा एवं शाम 4 बजे श्री वेंकटेश्वर भजन मंडली हेमूनगर द्वारा भजन संध्या का आयोजन रखा गया है। स्कूली बच्चों को पेन, पेंसिल, कापी का वितरण किया जाएगा। महिलाओं का उत्साह बढ़ाने लकी कूपन ड्रा निकाल कर प्रथम, द्वितीय, तृतीय व सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। आयोजन को सफल बनाने में अध्यक्ष यू मुरली राव, मुख्य कार्यकारिणी सदस्य पी. नोका राजू, धनराज बोयर, संजीव पाल, प्रेम लाल चौहान, पार्षद विजय कुमार मरावी, नागेश ध्रुव, एम तवुडू, एन गोविंद राजू, बी रामाराव, वेद रात्रे, पी भिस्मा राव, पार्षद एम श्रीनु राव, जी राजेश्वर राव, एन रमना मूर्ति, जी धर्मा राव, महावीर बोयार, दिनेश कौशिक, बी राजा राव, एम नारायण, जी राजा राव, वेणुगोपाल, ई कृष्णा, पी वरलक्ष्मी, जोगी दमयंती, बी ज्योति, एम शारदा, एन लक्ष्मी, वाई दुर्गा, यू. ज्योति, मंजू पटेल, अंजू साहू सहित अन्य भक्तजन सहयोग मिल रहा है।

मेंस सीनियर प्लेट ग्रुप की टी20 इंटर डिस्ट्रिक्ट प्रतियोगिता

# बिलासपुर ब्लू टीम ग्रुप ए से खेलेगी पहला मैच



स्पोर्ट्स न्यूज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा 18 अप्रैल से छत्तीसगढ़ के विभिन्न मैदानों में मेंस सीनियर टी 20 क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। क्रिकेट संघ बिलासपुर ने बिलासपुर ब्लू टीम की घोषणा कर दी है। इस प्रतियोगिता में 14 जिले की टीम भाग ले रही है। बिलासपुर ब्लू टीम अपना पहला मैच कोरिया के साथ खेलेगी।

छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मेंस सीनियर टी 20 क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए क्रिकेट संघ बिलासपुर ने 11 अप्रैल को सीनियर टीम के लिए ट्रायल लिया। चयनकर्ता देवेंद्र सिंह, सुशांत शुक्ला, अभिषेक सिंह और शैलेश सैमुअल ने खिलाड़ियों का चयन कर उनके मध्य पांच सलेक्शन मैच का आयोजन किया। मैच में खिलाड़ियों के प्रदर्शन को देखते हुए मंगलवार को सीनियर प्लेट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट के लिए बिलासपुर ब्लू टीम की घोषणा किया गया। उक्त टीम में अनुज सिंह, सनी पांडे, वासुदेव बरेठ, मृणाल बोराल, रोहित नेतानी, अखिलेश शर्मा, ओम वैष्णव, शुभम यादव, दीपक सिंह बघेल, आर्यन जायसवाल, अतुल पाल, मोहम्मद शाहबाज हुसैन, इम्तियाज़ खान, विनय खंडेलवाल, परिवेश धर, आशीष पांडे और जी श्रीकांत को शामिल किया गया है, जिसके कोच सुशांत शुक्ला होंगे। इस प्रतियोगिता में 14 जिले की क्रिकेट टीम भाग लेंगी। जिसमें ए,बी,सी और डी चार ग्रुप बनाए गए हैं, जिसमें बिलासपुर ब्लू ग्रुप ए में है। इसके अलावा ग्रुप ए में कोरिया और सरगुजा की टीम भी शामिल है। बिलासपुर ब्लू अपना पहला मैच 18 अप्रैल को रायपुर के आरडीसीए मैदान में कोरिया व दूसरा मैच 20 अप्रैल को सरगुजा के मध्य खेलेगी। बिलासपुर ब्लू की टीम 17 अप्रैल को शाम को रायपुर के लिए रवाना होगी। यह जानकारी क्रिकेट संघ बिलासपुर के सचिव विंटेश अग्रवाल द्वारा दिया गया।

राज्य स्तरीय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता

# शहर के खिलाड़ियों ने किया प्रदर्शन

5 वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय पावर लिफ्टिंग बेंच प्रेस एवं डेड लिफ्ट चैंपियनशीप का आयोजन सक्ती अंबेडकर भवन में किया गया। इस प्रतियोगिता में सब जूनियर, जूनियर, सीनियर व मास्टर की प्रतियोगिता का आयोजन स्वर्गीय रमेश पवार बबलू की स्मृति में किया गया था। जिसमें 15 जिले के 200 खिलाड़ियों ने भाग लिया।



इस पावरलिफ्टिंग बेंच प्रेस एवं डेडलिफ्ट की प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में सब-जूनियर कैटेगरी के खिलाड़ी श्रीवर्धन श्रीवास्तव को तीन स्वर्ण पदक, सब-जूनियर प्रियांशु मानिकपुरी को एक स्वर्ण पदक, दो रजत पदक, सब-जूनियर हिमांशु मानिकपुरी को एक रजत पदक,सब-जूनियर वीरेंद्र सांवरा एक स्वर्ण एवं दो रजत पदक प्राप्त हुआ। इसी प्रकार से महिला वर्ग में सीनियर कैटेगरी में प्रगति तिवारी को दो स्वर्ण पदक एवं अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी कुमारी मेघा भगत को तीन स्वर्ण पदक के साथ-साथ तीन स्ट्रांग वूमेन का अवार्ड दिया गया। जिले के अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी एवं कोच उत्तम कुमार साहू के मार्गदर्शन लगातार राज्य स्तरीय, राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर में खिलाड़ी आगे बढ़ रहे हैं। बेहतर कार्य करने पर उन्हें ऑफिशियल अवार्ड भी दिया गया। बिलासपुर जिले को चैंपियन ऑफ चैंपियन वूमेंस अवार्ड से भी नवाजा गया। एसोसिएशन के महासचिव उदल वाल्मीकि, सक्ति जिला के सचिव राजा पवार, अध्यक्ष सुधांशु जायसवाल सहित सभी पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

### पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में पिता व पुत्र को मेडल

वन विभागीय वाहन चालक, कर्मचारी संघ छ.ग. एवं पावर लिफ्टिंग संघ के संयुक्त तत्वाधान में 25 वीं राज्य स्तरीय पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन सकरी स्थित वन चेतना केन्द्र में किया गया। जिसमें छ.ग. राज्य से लगभग 400 खिलाड़ी शामिल हुए। बिलासपुर के अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी राजकुमार पाण्डेय 83 कि.ग्रा. केटेगरी में शामिल हुए। जिसमें अपने विपक्षियों को पावर लिफ्टिंग, स्काट, बेंच एवं डेड लिफ्टि में हराते हुए 4 गोल्ड मेडल प्राप्त किए। अभी तक राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय मेडल मिलाकर कुल 61 मेडल प्राप्त कर वन विभाग, राज्य, देश का नाम रोशन किया है। इन्हे राष्ट्रपति व राज्यपाल द्वारा भी अनेकों बार सम्मानित किया गया है। इन्होंने बताया की वे इस बार अपने पुत्र 15 वर्षिय दिपेश कुमार पाण्डेय को भी पावर लिफ्टिंग खेल के केटेगरी सब जूनियर 74 कि.ग्रा. में उतारा, जिसमें उसने प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए 4 गोल्ड मेडल जीता है।

## खबर संक्षेप

### क्रिकेट सट्टा खिलाते खाईवाल को पकड़ा



**बिलासपुर।** सरकण्डा पुलिस ने सिविल लाइन क्षेत्र में दबिश देकर आईपीएल मैच में क्रिकेट सट्टा खिलाते खाईवाल को पकड़ लिया है। उनके पास से नकद रकम व सट्टापट्टी जब्त की गई है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

सरकण्डा पुलिस को सूचना मिली सिविल लाइन क्षेत्र में पत्रकार कालोनी निवासी खाईवाल दिनेश कुमार टेकवानी पिता स्व. लक्ष्मण दास टेकवानी 59 साल के द्वारा लखनउ व चेन्नई के मध्य आईपीएल मैच में क्रिकेट सट्टा खिला रहा है। सरकण्डा पुलिस ने पत्रकार कालोनी में दबिश देकर सट्टा खिलाते दिनेश कुमार टेवानी को पकड़ लिया। उसके पास से 4 प्रति सट्टापट्टी व 3 हजार 200 रुपए मिला। सरकण्डा पुलिस ने उसे कार्रवाई के लिए सिविल लाइन पुलिस को सौंप दिया। सिविल लाइन पुलिस ने 6 क जुआ एक्ट के तहत उसे गिरफ्तार कर लिया है। ज्ञात हो कि पूर्व में तोरवा पुलिस ने पकड़े गए खाईवाल दिनेश टेकवानी को क्रिकेट सट्टा खिलाने पर गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई थी।

### युवक पर चाकू से हमला, दो गिरफ्तार

**बिलासपुर।** लेनदेन के विवाद में युवक पर चाकू से हमला करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, 14 अप्रैल को अशोकनगर निवासी अमन द्विवेदी पिता अश्वनी कुमार 25 साल को उसका दोस्त श्रीधर शुक्ला ने फोनकर नंदेश्वर मंदिर के पास बुलाया और कहा पंकज दुबे से पैसे का लेनदेन का हिसाब हो जाएगा। अमन वहां गया तो श्रीधर शुक्ला मिला। कुछ देर बाद अंशु लोहारी, पंकज दुबे, गौरव व अन्य लोग आए। पंकज ने कहा तुम्हारा कोई पैसा नहीं लग रहा हूं। तुम बार बार पैसा क्यों मांगते मांगते हो कहते अश्लील गाली गलौज कर उसके साथ मारपीट करते हुए बटनदार चाकू से हमला कर दिया। उसके बाद हमलावर भाग गए थे। पुलिस ने पतासाजी कर हमलावर आयुष वाल्मिकी पिता कैलास 20 साल बंधवापारा, अमर सोनी उर्फ सोनू पिता स्व. गोपीनाथ सोनी 21 साल सरकण्डा निवासी को पकड़कर गिरफ्तार कर लिया है। वहीं अन्य हमलावरों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

**180 दुकानों का सत्यापन बाकी**

**बुधवारी, चुचुहियापारा, तालापारा मरीमाई मंदिर रोड की दुकानों में गड़बड़ी तो मिली, लेकिन मामला दबा दिया गया**

# सबसे अधिक गड़बड़ी बिलासपुर में, जांच में सभी 682 राशन दुकानों को दे दी गई ओके रिपोर्ट

**बिलासपुर।** सरकारी राशन दुकानों में राशन की कालाबाजारी रोकने के लिए खाद्य विभाग की सख्ती औपचारिकता ही साबित हो रही है। सबसे अधिक गड़बड़ी वाले जिले बिलासपुर की 682 राशन दुकानों में से किसी में भी कोई कमी अधिकारियों को नहीं मिली और सभी को ओके सर्टिफिकेट दे दिया गया है।

खाद्य विभाग का दावा है कि सभी दुकानों में पर्याप्त स्टाक मिले हैं। ऑनलाइन व ऑफलाइन रिकार्ड के साथ ही चावल, शक्कर की बोरियों का मिलान सही पाया गया। हालांकि खाद्य अधिकारियों का कहना है कि अभी 180 के करीब दुकानों के सत्यापन रिपोर्ट इंस्पेक्टरों द्वारा जमा नहीं की गई है। दूसरी ओर जानकारी मिली है कि बुधवारी, चुचुहियापारा, तालापारा मरीमाई मंदिर रोड, दयालबंद की दुकानों में गड़बड़ी तो मिली, लेकिन सत्यापन करने वाली टीमों ने इसे दबा दिया। इन दुकानों में निर्धारित स्टाक से कम राशन मिला है। ज्ञात हो कि खाद्य विभाग के अधिकारियों ने शासन के आदेश पर जिले के 682 राशन दुकानों की जांच की। यह सत्यापन का काम 1 से 10 अप्रैल तक किया गया। इसकी क्या रिपोर्ट आई कोई जानकारी नहीं दे रहा है। खाद्य



विभाग के मुताबिक 498 दुकानों के सत्यान की रिपोर्ट खाद्य विभाग को मिल गई है। इसमें फिलहाल तो कोई गड़बड़ी नहीं मिली है। 180 दुकानों की जांच रिपोर्ट आनी बाकी है।

### जिन दुकानों की जांच नहीं हुई वहां से राशन नहीं

दूसरी ओर खाद्य विभाग के अजीबोगरीब फैसले ने आम लोगों के साथ ही जिले के 682 राशन दुकानदारों को परेशान कर दिया है। जानकारी के मुताबिक मंत्रालय से आदेश जारी हुआ है कि जिन दुकानों की जांच पूरी हो गई हो वहां से राशन देना शुरू कर दिया जाए। जिन दुकानों की जांच नहीं हुई वहां से राशन न बांटा जाए। खाद्य विभाग के इसी आदेश के बाद कई जिलों के राशन दुकानों में राशन बांटने का काम ही नहीं हो पा रहा है। इसके साथ ही नए आदेश में खाद्य निरीक्षक का आधार राशन दुकान से लिंक कर दिया गया है। निरीक्षक अपने उंगलियों का इंप्रेशन नहीं देगा तब तक दुकान की जांच नहीं हो सकेगी।

### राज्यभर में 216 करोड़ के चावल का फर्जीवाड़ा

केंद्र सरकार की ओर से राज्यभर के राशन दुकानों की जांच कराई गई थी। आरोप लगा कि राशन दुकानों में कई महीने का स्टॉक बाकी होने के बावजूद उन्हें नया स्टॉक जारी किया जाता रहा। राज्यभर में 216 करोड़ के चावल के फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ था। राज्य की 13779 राशन दुकानों को पिछले साल मार्च में ही ऑनलाइन स्टॉक अपडेट करना था, लेकिन केवल 691 राशन दुकानों ने ही किया। 33 जिलों में अभी भी राशन दुकानों से 15.57 लाख मीट्रिक टन चावल और 48 हजार क्विंटल शक्कर गायब है। इसकी कीमत 200 करोड़ से भी ज्यादा है। खाद्य विभाग ने इसी को लेकर आदेश जारी किया है कि जांच पूरी होने राशन दुकानों के सत्यापन के बिना नहीं बंटेगा चावल 10 दिन में 13 हजार राशन दुकानों की जांच करनी है।

### कालाबाजारी, ओवर स्टाक की शिकायतें

उल्लेखनीय है कि खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने राशन दुकानों में राशन की कालाबाजारी, ओवर स्टॉक आदि की शिकायतों के चलते सभी दुकानों का वार्षिक भौतिक सत्यापन करने का आदेश जारी किया था। सत्यापन में यह देखा गया कि दुकानों में कितना राशन बाकी था, कितना बंटा और दुकान के खिलाफ कोई मामला तो लंबित नहीं है। ध्यान रहे कि बिलासपुर में ही सबसे अधिक शिकायतें मिलीं थीं। अब जांच में सब ओके हो गया है। जाहिर है कुछ खास दुकानदारों को बचाने के लिए ऐसा किया जा रहा है।

### कार्रवाई जरूर होगी

सत्यापन के दौरान आनलाइन व ऑफलाइन रिकार्ड के साथ ही चावल, शक्कर की बोरियों का मिलान किया गया। अभी 180 के करीब दुकानों के सत्यापन रिपोर्ट इंस्पेक्टरों द्वारा जमा नहीं की गई है। गड़बड़ी पाए जाने पर कार्रवाई जरूर होगी।

**- अनुराग सिंह भदौरिया,**
खाद्य, नियंत्रक

**एसडीआरएफ की टीम दो दमकल लेकर पहुंची**

# गोदाम में लगी भीषण आग, एसी, फ्रिज के गैस सिलेण्डर फटने से इलाका दहला



जूना बिलासपुर स्थित इलेक्ट्रानिक बर्ड के गोदाम में धधकती आग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जूना बिलासपुर स्थित इलेक्ट्रानिक बर्ड के गोदाम में मंगलवार की शाम आग लगने से अफरा तफरी मच गई। एसी, फ्रिज के गैस सिलेण्डर फटने से आसपास का इलाका दहल गया। देर रात तक एसडीआरएफ की टीम आग बुझाने का प्रयास कर रही थी। बताया जाता है गोदाम में रखा लाखों का सामान जलकर राख हो गया है।

जूना बिलासपुर स्थित मनोहर टाकीज के बाजू में इलेक्ट्रानिक बर्ड के संचालक राजेश कश्यप का मकान व गोदाम है। मंगलवार की शाम लगभग 7 बजे गोदाम में आग लग गई और देखते ही देखते गोदाम में भीषण रूप ले लिया। नीचे गोदाम में आग लगने से ऊपर रहने वाले श्री कश्यप व उनके परिजन आनन फानन में बाहर निकलकर सड़क पर आ गए। बड़ी संख्या में गोदाम में एसी, फ्रीज, एलईडी सहित अन्य इलेक्ट्रानिक सामान होने से तेजी से आग गोदाम में फैल गई। गोदाम में बने रोशनदान से आग की लपटें बाहर आने लगीं। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गया। उसके कुछ देर बाद एसडीआरएफ की टीम दो दमकल लेकर पहुंच गए। टीम गोदाम में सामने, पीछे व मनोहर टाकीज की ओर से गोदाम में पानी डालकर आग बुझाने के प्रयास में जुट गए। देखते ही देखते दो दमकल पानी खत्म हो गई और फिर से दो दमकल पानी लाया गया। तीन घण्टे बाद आग पर काबू पाया गया। उसके बाद भी गोदाम में आग की लपटें निकल रही थीं और टीम आग बुझाने में जुटी हुई थी। कोतवाली टीआई विवेक पाण्डेय ने बताया, आग कैसे लगा इसकी जानकारी नहीं हो पाई है।

### दहला पूरा इलाका

गोदाम के भीषण आग की चपेट में आने पर एसी व फ्रिज में लगे गैस के सिलेण्डर पटाखों की तरह फूटते रहे। इसकी आवाज से पूरा इलाका गूंज उठा और लोगों की भीड़ लग गई। भीड़ के चलते दमकल कर्मियों को आग बुझाने में परेशानी उठानी पड़ रही थी।

### ट्रैफिक जाम, लोग परेशान

शाम के समय कोतवाली से जूना बिलासपुर रोड में ट्रैफिक का दबाव अधिक रहता है। गोदाम में आग लगने से बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ गई। इससे ट्रैफिक जाम हो गया और दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। पुलिस बल के साथ मौके पर जाकर लोगों को हटाते हुए आवागमन सामान्य कराया गया है।

### जेसीबी से तोड़ी गई दीवार

एसडीआरएफ टीम द्वारा आग बुझाने के बाद भी गोदाम में धुंआ भरा हुआ था और रूक-रूककर आग भड़क रही थी। इस पर जेसीबी से गोदाम के चार जगहों पर दीवार तोड़ा गया। उसके बाद पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास चलता रहा।

**23 लोगों के मकान पर चला बुलडोजर**

# बिरकोना में 10 एकड़ सरकारी जमीन से हटाया अतिक्रमण



बिरकोना में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के बाद का नजारा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिरकोना इलाके में मंगलवार को प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 10 एकड़ सरकारी जमीन से अवैध कब्जा हटाया। इस जमीन पर 23 लोगों ने लंबे समय से कब्जा कर पक्के मकान बना लिए थे। शिकायत मिलने के बाद कलेक्टर बिलासपुर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम को जांच व आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए थे।

- **कलेक्टर के आदेश पर हुई कार्रवाई**

कलेक्टर के आदेश पर तहसीलदार गरिमा ठाकुर, जोन कमिश्नर, राजस्व अमला और पुलिस बल की टीम ने संयुक्त रूप से मौके पर पहुंचकर बुलडोजर की मदद से अवैध निर्माण को ध्वस्त किया। प्रशासन ने इससे पहले अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था, साथ ही 9 अप्रैल को बेदखली आदेश जारी करते हुए उन्हें स्वयं कब्जा हटाने का अंतिम मौका दिया गया था। तय समयसीमा में कब्जा नहीं हटाने के चलते प्रशासन ने सख्ती दिखाई और मंगलवार को कार्रवाई की।

### कार्रवाई रही शांतिपूर्ण

कार्रवाई के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया था। प्रशासन की ओर से बताया गया कि यह कार्रवाई शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। मौके पर उपस्थित जोन कमिश्नर और राजस्व अधिकारियों ने स्थिति पर लगातार निगरानी रखी हुई थी।

### इन लोगों का हटाया गया कब्जा

प्रशासन ने 23 लोगों के अवैध कब्जे हटाए गए हैं जिनमें विकास पिता रामभजन, श्याम बाई पति जनक गोड़, पूनम पांडेय पति आशुतोष, प्रमीला यादव पति विनोद, पोस्टमेन पिता रामचरण साहू, महगुराम, नरेंद्र, अरुण बघेल, रामायण गोड़, अशोक गोड़, कुमारी गोड़, ईश्वरी गोड़, दुर्गेश साहू, गोपी गोस्वामी, हजारीलाल सूर्यवंशी, राजकुमार शुक्ला, फागूराम, बरातू मानू, जनऊ, बनऊ, धनऊ, अर्जुन, दिलीप एवं सुंदर पिता समेलाल आदि के शामिल हैं।

### प्रशासन सख्त, आगे भी होगी कार्रवाई

राजस्व विभाग ने स्पष्ट किया है कि सरकारी जमीन पर किसी भी प्रकार के अतिक्रमण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे मामलों में बिना किसी दबाव के सख्त कार्रवाई की जाएगी। तहसीलदार गरिमा ठाकुर ने बताया कि सरकारी जमीन को खाली कराना प्रशासन की प्राथमिकता है और इस दिशा में आगे भी लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

# सीयू: विवाद के बाद एनएसएस समन्वयक हटाए गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गुरू घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के एनएसएस छात्र-छात्राओं से कैंप दौरान विवाद होने से यूनिवर्सिटी के एनएसएस समन्वयक को हटा दिया गया है। मंगलवार को सेंट्रल यूनिवर्सिटी प्रबंधन ने प्रो. दिलीप झा को हटाकर उनकी जगह पर प्रो. राजेन्द्र मेहता को एनएसएस समन्वयक नियुक्त किया है।

गुरू घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के कार्यवाहक रजिस्ट्रार एएस रणदिवे द्वारा सक्षम अनुमोदन उपरांत मंगलवार को जारी आदेश के अनुसार अर्थशास्त्र विभाग के आचार्य प्रो. दिलीप झा को राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक पद से हटा दिया गया है। इस आदेश के तहत प्रो. झा के स्थान पर ग्रामीण प्रौद्योगिक विभाग के प्रो. राजेन्द्र मेहता को उनके वर्तमान दायित्वों के साथ-साथ राष्ट्रीय सेवा योजना का समन्वयक नियुक्त किया गया है। एनएसएस समन्वयक को हटाए जाने के आदेश में भले ही यूनिवर्सिटी द्वारा प्रशासनिक व्यवस्थाओं के सुचारू संचालन का जिक्र किया गया है, किन्तु यूनिवर्सिटी में इस बात का हल्ला है कि एनएसएस कैंप दौरान नमाज वाले मामले को लेकर ही समन्वयक को हटाया गया है। क्योंकि यूनिवर्सिटी द्वारा समन्वयक बदले जाने के आदेश के ठीक एक दिन पहले सोमवार को यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों की ओर से कोनी थाना में लिखित शिकायत की गई थी और थाने में शिकायत के बाद ही यूनिवर्सिटी प्रशासन हरकत में आया है।

- **विद्यार्थियों की ओर से थाने में शिकायत करने के बाद हरकत में आया विवि प्रशासन**

### विद्यार्थियों ने सीयू प्रबंधन से भी की थी शिकायत



गुरू घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के एनएसएस विद्यार्थियों के कैंप दौरान योगा के समय पर सुबह नमाज पढ़ने का स्टेप कराया गया। इसे लेकर विद्यार्थियों ने विरोध भी जताया था। एनएसएस कैंप से वापस लौटने के बाद कुछ विद्यार्थियों ने प्रबंधन से इस मामले की शिकायत भी की थी। गुरू घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा शिवतराई में सात दिवसीय कैंप आयोजित किया गया था। इस एनएसएस कैंप में यूनिवर्सिटी के 159 छात्र-छात्राएं शामिल हुए थे। कैंप दौरान सुबह 6.15 बजे से 7 बजे के बीच योगा का समय रहता था।

### कैंप में डेढ़ सौ से अधिक हिन्दू विद्यार्थी थे शामिल

सेंट्रल यूनिवर्सिटी के एनएसएस कैंप में डेढ़ सौ से अधिक हिन्दू विद्यार्थी शामिल थे, इसलिए बहुत से विद्यार्थियों को यह जबरदस्ती लगा, क्योंकि उनकी सहमति नहीं ली गई। इसके बाद विद्यार्थियों के बीच भीतर ही भीतर विरोध शुरू हो गया और उनमें से कुछ विद्यार्थियों ने यूनिवर्सिटी प्रबंधन से इसकी शिकायत भी की। नाम नहीं छापने के शर्त पर विद्यार्थियों ने बताया कि एनएसएस कैंप में सभी सुबह 5 बजे उठकर 5.30 बजे प्रभात फेरी के लिए निकल पड़ते थे, फिर हम शिविर में 6 बजे के आसपास वापस आते हैं जहां हम सभी जुम्बा तथा योगा करते थे। लेकिन कोर मेम्बर ने आदेश देते हुए कहा कि आप सभी को ये चार बच्चे मंच पर नमाज कैसे पढ़ी जाति है वो दिखाएंगे, उसके पश्चात बाकी बच्चों ने नमाज पढ़ी।

### बदले गए हैं समन्वयक

सेंट्रल यूनिवर्सिटी के बच्चें एनएसएस कैंप में गए थे, जिसमें अलग-अलग समुदाय, धर्म के बच्चें शामिल थे। जहां तक एनएसएस समन्वयक वाली बात है तो हटाए जाने वाली बात नहीं है, उन्हें बदला गया है और प्रो. झा की जगह पर प्रो. मेहता को समन्वयक बनाया गया है।

**प्रो. एमएन त्रिपाठी**
मीडिया, प्रभारी सीयू

### भगत प्रबंध संचालक, साय चीफ इंजीनियर बनाए गए

**बिलासपुर।** जल संसाधन विभाग में पदस्थ चीफ इंजीनियर और अधीक्षण यंत्री का तबादला हो चुका है। हसदेव कछार के मुख्य अभियंता जेआर भगत को छत्तीसगढ़ इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन का प्रबंध संचालक बनाया गया है, वहीं उनकी जगह अधीक्षण यंत्री अरूण साय को प्रभारी चीफ इंजीनियर बनाया गया है। दरअसल दोनों अधिकारियों की पदस्थापना जनवरी माह में ही कर दी गई थी, लेकिन कोर्ट में मामला पेंडिंग होने के कारण पदस्थापना नहीं की जा सकी थी। कोर्ट से फैसला होने के बाद जेआर भगत को रायपुर सीआईडीसी में पदस्थ किया गया है। वहीं अधीक्षण यंत्री के तौर पर छुईखदान के ईई जीडी रामटेके को बिलासपुर में पदस्थापित किया गया है।

### दावा-आपत्ति 24 तक

**बिलासपुर।** तिफरा के वार्ड क्रमांक 8 के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 8 में सहायिका के रिक्त पद पर भर्ती के लिए आवेदन मंगाए गए थे। आवेदनों के मूल्यांकन पश्चात अंतिम सूची एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय बिल्हा एवं आयुक्त निगम कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा की गई है। आवेदिका 24 अप्रैल तक दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

# एयू में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने मचाया हंगामा

**बिलासपुर।** एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को अटल यूनिवर्सिटी में जमकर हंगामा मचाया और मेनगेट पर चढ़कर नारेबाजी की। पिछले कई दिनों से विरोध प्रदर्शन कर रहे एनएसयूआई कार्यकर्ता यूनिवर्सिटी अधिकारियों से मिलने जा रहे थे, किन्तु उन्हें मेनगेट पर ताला लगाकर रोका गया। पुलिस भी वहां पहुंच गई थी, जिसपर कार्यकर्ता गेट पर ही चढ़ गए और नारेबाजी करने लगे।

एयू के खिलाफ एनएसयूआई कार्यकर्ताओं द्वारा पिछले तेरह दिनों से विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है आज अंतिम चरण का प्रदर्शन था। एनएसयूआई द्वारा 3 अप्रैल से यूनिवर्सिटी में व्याप्त शैक्षणिक ठहराव, परीक्षा परिणामों की अनियमितता और प्रशासनिक लापरवाही के विरोध में शवयात्रा निकालकर अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किया गया। एनएसयूआई कार्यकर्ताओं




ने विरोध प्रदर्शन स्वरूप सिर भी मुंडाया। आज एनएसयूआई से जुड़े छात्र-छात्राएं विवि के पास एकत्रित होकर अधिकारियों से मिलने भीतर जा रहे थे, किन्तु मेनगेट पर तालाबंदी कर दी गई थी। आज के इस प्रदर्शन में एनएसयूआई के प्रदेश सचिव रंजेश सिंह, पुष्पराज साहू, प्रदीप सिंह, करन यादव, सुमित ठाकुर, विनीता विश्वकर्मा, यशोदा वारे, निशा प्रजापति, ओमप्रकाश, मीत, राहुल, जीतू, अभिषेक, अनुज, विकास, गज्जू, सागर, सुनील, गौरव, आयुष आदि शामिल थे।

# सड़क पर केक काटकर बर्थ डे मनाते 4 युवक गिरफ्तार, 15 बाइक जब्त

**बिलासपुर।** सड़क में केक काटकर बर्थ डे मनाने वाले 4 युवकों को पकड़कर 15 बाइक जब्त की गई है।

सरकण्डा सीएसपी सिद्धार्थ बघेल ने बताया, सोमवार की रात शहर भ्रमण के दौरान सूचना मिली राजकिशोर नगर बीएसएनएल कार्यालय के सामने बड़ी संख्या में लड़के 10 से 15 बाइक सड़क में खड़ी कर केक काटकर बर्थ डे मना रहे हैं। पुलिस मौके पर गई तो दूर से पुलिस गाड़ी को देखकर आनन फानन में युवक बाइक छोड़कर भागने लगे। पुलिस ने दौड़ाकर इरफान अली पिता पीर अली 22 साल अटल आवास लिंगियाडीह, सतीश उर्फ मोन्टू यादव पिता गिरधारी



यादव 29 साल अटल आवास लिंगियाडीड, इब्राहिम डेविड बेलाडरेस पिता डेनिस बेलाडरेस 24 साल तुलसी आवास राजकिशोरनगर, आकाश ठाकुर पिता अशोक ठाकुर 19 साल टिकरापारा निवासी को पकड़ लिया। वहीं मौके से 15 बाइक बरामद की गई है। पुलिस ने युवकों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक व जब्त 15 नग बाइक पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है।









15-APR--REGNOL--pg-5-ALTOR_Layout 1 4/15/2025 11:27 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### सदा ज्योति वेलफेयर सोसाइटी ने सौंपा ज्ञापन



**मुंगेली।** सदा ज्योति वेलफेयर सोसाइटी के पदाधिकारियों द्वारा अपर कलेक्टर निष्ठा तिवारी को ज्ञापन सौंपा गया। दुर्ग जिले की छह वर्षीय बालिका के साथ दुष्कर्म और हत्या से आहत होकर सदा ज्योति वेलफेयर सोसाइटी के सदस्यों ने अपर कलेक्टर निष्ठा तिवारी से निवेदन किया कि अपराधी को फांसी की सजा दी जाएं। वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष मनोज तिवारी ने कहा कि इस तरह की घटनाएं समाज को शर्मसार करने वाली है, सरकार को ऐसे मामलों में आरोपियों को सख्त से सख्त सजा दिलानीं चाहिए। वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष मनोज तिवारी, उपाध्यक्ष आराधना तिवारी, सचिव कल्पना मिश्रा के नेतृत्व एकजुट पदाधिकारियों व सदस्यों ने छह वर्षीय बालिका का दुष्कर्म व हत्या के मामले को प्रमुखता से उठाया। सचिव कल्पना मिश्रा ने कहा कि इस तरह की घटनाएं सभ्य समाज को कलंकित करने वाली हैं। सभी सदस्यों ने कहा कि सरकार को घटना के दोषियों को फांसी की सजा देनी होगी। इस मौके पर अध्यक्ष मनोज तिवारी, उपाध्यक्ष आराधना तिवारी, कोषाध्यक्ष दिनेश शर्मा, सचिव कल्पना मिश्रा, सहसचिव रश्मि तिवारी, निधि पौराणिक, संयोजिका मंजुला शर्मा, अजय तिवारी समेत दर्जनों सदस्य मौजूद रहे।

### राजनीतिक प्रकरणों की वापसी का लिया गया निर्णय




**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ सरकार ने लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा और निष्पक्ष शासन की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए विभिन्न जिलों में दर्ज 103 गैर-गंभीर राजनीतिक प्रकरणों की वापसी का निर्णय लिया है। गृह विभाग द्वारा जिलों से प्राप्त रिपोर्ट और विस्तृत समीक्षा के बाद मंत्रिमंडलीय उपसमिति की अनुशंसा पर यह फैसला लिया गया। न्यायालय से विधिवत स्वीकृति मिलने के पश्चात 41 प्रकरणों में अभियुक्तों को राहत प्रदान की गई और संबंधित पुलिस रिकॉर्ड से उनके नाम हटा दिए गए। जिले के 2 प्रकरण को वापस लिया गया है।

### हत्या के प्रयास का फरार आरोपी गिरफ्तार




**मुंगेली।** हत्या के प्रयास के प्रकरण में वर्ष 2022 से फरार आरोपी को पकड़ने में पुलिस को सफलता मिली। पुलिस ने आरोपी अविनाश शर्मा को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल दाखिल किया है। पुलिस के अनुसार दाऊपारा निवासी हमीद खान 16 मई 2022 की रात्रि करीबन 9.30 बजे घर से दुकान आते समय उसके पुत्र समीर एवं शमीद खान को मुंगेली के लक्की पाठक अपने साथी महेश साहू, अविनाश शर्मा एवं सानो उर्फ सुमित पतरंस के साथ मिलकर चाकू एवं लोहे के राड तथा हाथ मुक्का से मारपीट कर चोंट पहुंचाई। मामले में आरोपी महेश साहू, लक्की उर्फ अवि पाठक, तथा सानो उर्फ सुमित पत्तरस को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा पर भेजा गया। प्रकरण में आरोपी अविनाश शर्मा पिता ओकार शर्मा उम्र 22 वर्ष निवासी हीरालाल वार्ड मुंगेली फरार था। उसकी लगातार पतासाजी की जा रही थी। 14 अप्रैल 2025 को मुखबिर सूचना पर आरोपी अविनाश शर्मा को शराब भट्ठी घुठेरा नवागांव रोड के पास से हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। जो घटना दिनांक को घटनाकारित करना स्वीकार करने पर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल दाखिल किया गया।

### नपा अध्यक्ष ने किया सीसी रोड का भूमिपूजन



**तखतपुर।** नगर पालिका अध्यक्ष पूजा आतमजीत सिंह मक्कड़ ने वार्ड 2 कैलाश नगर में 10 लाख की लोगत से बनने वाली सीसी रोड का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर पूजा मक्कड़ ने कहा कि नगरपालिका के नवगठित परिषद की ओर से नगर विकास के साथ मिलकर कार्य करने की योजना बनाई जा रही है। साथ ही बिना किसी भेदभाव और दलगत राजनीति से ऊपर उठकर काम किया जा रहा है। नगर का सुव्यवस्थित विकास करना हमारे परिषद का मुख्य उद्देश्य है। खासकर बुनियादी सुविधाओं को लेकर आमजनों को किसी तरह की कोई दिक्कत न हो, इस बात का ख्याल रखा जा रहा है। भूमिपूजन के अवसर पर उपाध्यक्ष गौरी अजय देवांगन, वार्ड 2 पार्षद अनुपमा अभिषेक पांडेय, सुनील जांगड़े, पूजा गुप्ता, शैलेंद्र निर्मलकर, रमन हूरा, चंद्रप्रकाश देवांगन, हरविंदर हूरा, बिहारी देवांगन, कुलदीप क्षत्री, धीरेंद्र क्षत्री, करीम कुरैशी, बबलू गुप्ता, उमेश राजपूत, राजू ठाकुर, यावेंद्र सिंह उपस्थित रहे।

गवर्नमेंट एम्पलाइज वेलफेयर एसोसिएशन ने किए विविध आयोजन

# सफाईकर्मियों का किया सम्मान, बाबा साहब के मार्ग पर चलने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

डॉ. भीमराव अंबेडकर के जन्मदिन पर गवर्नमेंट एम्पलाइज वेलफेयर एसोसिएशन का विविध आयोजन किये।

प्रांताध्यक्ष कृष्ण कुमार नवरंग, महामंत्री बसंत बंजारे, सनत बंजारे ने बताया कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के जन्मदिन पर मुंगेली में स्थित विभिन्न स्थानों पर सुबह चार बजे से शहर के भीतर सफाई करने वाले दूत को घूम-घूम कर माला पहनाकर स्वागत किया और फल वितरण किया। संगठन के प्रदेश कोषाध्यक्ष दिनेश घोषले, जिला सयोजक मनीराम ध्रुव, जिला अध्यक्ष संतोष सोनकर, सचिव रोहित डिंडोरे, गणपत घृतलहरे ने कार्यक्रम की रूपरेखा तय कर बताया कि सुबह के कार्यक्रम के बाद दोपहर को पड़ाव चौक मुंगेली में जिला पंचायत के लेखा अधिकारी राजेश कुमार लहरे, जिला अध्यक्ष डोम प्रकाश कश्यप, स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के सौजन्य से खीर, पानी व फल वितरण किया गया। रिटायर्ड एनटीपीसी गणेश राम कारके व डॉ. जेपी कौशिक व प्राचार्य सेजेज पीसी दिव्य के सौजन्य से विभिन्न स्थानों चौक-चौराहे पर स्टेज व फ्लेक्स लगाकर उत्सव मनाया। संगठन के प्रवक्ता विजय मारखंडे, लालपुर तहसील अध्यक्ष गीता बर्मन, मुंगेली ब्लॉक सचिव फलित घृतलहरे, अशोक अंचल ने बताया कि कार्यक्रम के अंत में मुख्यमंत्री सम्मान से सम्मानित शिक्षक, दिलीप जाटवर व मीन दास पात्रे एवं इंडियन बैंकिंग सर्विस में नव चयनित अधिकारी भुनेश्वर खंडे का सम्मान किया जाएगा। उत्सव में आभूषण पात्रे, राजू मोहले, कनक खाण्डे शामिल रहे।


कार्यक्रम में उपस्थित गवर्नमेंट एम्पलाइज वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्य।


माल्यार्पण करते भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के कार्यकर्ता।

## भाजपा अजा मोर्चा ने मनाई बाबा साहब की जयंती

मुंगेली। जिला भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा डॉ. अम्बेडकर जयंती मनाई गई। विधायक पुन्नूलाल मोहले की उपस्थिति में अजा मोर्चा ने जनप्रतिनिधियों का सम्मान किया। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा भारतरत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर जनपद पंचायत कार्यालय पहुंचकर डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर विधायक पुन्नूलाल मोहले व जिला भाजपा अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष डॉ. शिवकुमार बंजारा, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा शैलेश पाठक, गिरीश शुक्ला, राजेन्द्र वैष्णव, मानिकलाल सोनवानी सहित सभी कार्यकर्ताओं ने पूजा अर्चना कर माल्यार्पण किया। इसके पश्चात बाईक रैली जनपद पंचायत परिसर करही से प्रारंभ होकर मुख्य मार्ग दाऊपारा, पुलपारा होते हुए अटल परिसर जिला भाजपा कार्यालय पहुंची। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा इस अवसर मुंगेली विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों जिनमें जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय एवं उपस्थित जिला पंचायत सदस्यों का तथा जनपद पंचायत मुंगेली के अध्यक्ष रामकमल सिंह व उपाध्यक्ष पुष्पलता पदमिनी मोहले तथा जनपद सदस्यों व ग्राम पंचायतों के सरपंचों, नगर पालिका व नगर पंचायत के अध्यक्ष उपाध्यक्ष व पार्षदों के साथ ही पार्टी के वरिष्ठ एवं समाज सेवी कार्यकर्ताओं का सम्मान पुष्पहार गमछा व प्रशस्ति पत्र देकर अनुसूचित जाति मोर्चा की ओर से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला मीडिया प्रभारी सुनील पाठक ने एवं आभार जनपद सदस्य ताराचंद टंडन ने किया। इस अवसर पर सभी मंडलों से पहुँचे अनुसूचित जाति मोर्चा के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## प्रेरणा श्रोत हैं डा. अंबेडकर: मिश्रा

**मुंगेली।** बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134 जयंती मनाई जा रही है। इस कड़ी मे जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय मे बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जिलाध्यक्ष घनश्याम वर्मा के नेतृत्व मे उन्हें श्रद्धांजलि दी गई एवं उनके द्वारा दिए गए कार्यों को स्मरण किया गया।



कांग्रेस जिलाध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने कहा कि संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर एक प्रेरणा स्त्रोत है। शहर अध्यक्ष स्वतंत्र मिश्रा ने कहा कि बाबा साहब का योगदान समाज के लिए अतुलनीय है, हमें उनके दिखाए मार्ग मे चलना चाहिए, उनके चरणों मे शत शत नमन। इस अवसर पर कांग्रेसजनों के द्वारा मुंगेली रामगढ़ स्थित वृद्धाश्रम में फल वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम मे संजीत बनर्जी, श्याम जायसवाल, चुरावन मंगेश्कर, थानेश्वर साहू, शहर अध्यक्ष स्वतंत्र मिश्रा, संगठन महामंत्री संजय यादव, दिलीप बंजारा, लक्ष्मी कांत भास्कर, इंद्रजीत कुरे, कुलदीप पाटले, रणजीत सिंह, आयुष सिंह श्रीनेत, राम तलरेजा, राजेंद्र यादव, रमेश राजपूत, नरेंद्र साहू, रवि कोशले, अभिषेक यादव, रूप दास चतुर्वेदी, शिवम जायसवाल, जय सोनी, नवनीत शुक्ला, श्रीमती उर्मिला रमेश यादव, मंजू शर्मा, संतोषी मोना नागरे, निधि पौराणिक उपस्थित रहे।

## एबीवीपी ने आदिवासी बच्चों के साथ मनाई अंबेडकर जयंती



**पेंड्रा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पेंड्रा के कार्यकर्ताओं ने डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती गोरखपुर स्थित स्वामी परमात्मानंद संस्कृत विद्यालय में पढ़ने वाले आदिवासी छात्र-छात्राओं के साथ उत्साह पूर्वक मनाई। इस अवसर पर स्वामी परमात्मानंद ने एबीवीपी के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि जिस प्रकार बाबा साहब ने शोषित और वंचित लोगों के लिए कार्य किया, ठीक उसी प्रकार आप लोगों को भी देशवासियों के लिए कार्य करना है। एबीवीपी पेंड्रा नगर मंत्री श्रेयांश पांडे ने बाबा साहब की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बाबा साहब ने कहा था 'शिक्षा शेरनी का वह दूध है जिसे जो पिएगा वह दहाड़ेगा' इसलिए हम सभी को खूब मेहनत पढ़ाई करना चाहिए, और पढ़ लिखकर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए। नगर सह मंत्री आयुष चंद्रा ने कहा कि बाबा साहब समरसता के पक्षधर थे, वो देश को समरस भारत के रूप में देखना चाहते थे। इसलिए हम सभी को एकजुट रहना चाहिए और किसी भी प्रकार का आपस में भेदभाव नहीं करना चाहिए। एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने विद्यालय में सभी छात्र-छात्राओं को बाबा साहब के जन्मदिन के पर मिठाई खिलाई एवं उनके साथ बैठकर भोजन किया। इस अवसर में मुख्य रूप से विजया उर्मलिया एवं एबीवीपी कार्यकर्ता आदित्य चतुर्वेदी, नील नामदेव, विक्रम गुर्जर, यश राठौर, श्याम गुप्ता, कृष्णा मिश्रा, माधव शर्मा, शुभम कौशिक सहित अन्य उपस्थित रहे।

## बाबा साहब ने सभी वर्गों के लिए महत्वपूर्ण कार्य किया: बंजारे

**मल्हार।** बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती को सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाया गया। बाबा साहब की 134वीं जयंती पर सोमवार को ग्राम थेम्हापार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद सदस्य ज्वाला बंजारे शामिल हुए।



इस अवसर पर ग्रामीणों ने प्रतीक चिन्ह, शाल व श्रीफल देकर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छोटे बच्चों ने हिस्सा लिया। जनपद सदस्य ने सभी बच्चों को सम्मान राशि से सम्मानित किया। इस दौरान ज्वाला बंजारे ने कहा कि हमें डॉक्टर बीआर अंबेडकर के बताए हुए रास्तों पर चलकर अपना रास्ता बनाना होगा। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने केवल दलितों के लिए नहीं, अपितु पूरे भारतवर्ष की सभी वर्गों के लिए महत्वपूर्ण कार्य किया। भारतीय संविधान में उन्होंने हर वर्ग का ध्यान रखा और एक जटिल संविधान का निर्माण किया। उन्होंने आर्थिक, सामाजिक एवं और राजनीतिक परिपेक्ष्य में भी सभी वर्गों को ध्यान में रखते हुए यह मसौदा तैयार किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में विजय कुमार, विशिष्ट अतिथि मंगल चंद निराला, दुर्गा प्रसाद निरसा, प्रमुख कुमार एवं चकरबेढा सरपंच प्रतिनिधि नवीन कुमार, बूढ़ीखार सरपंच दीपक लहरें शिय ग्रामीण उपस्थित रहे।

## अम्बेडकर शिक्षण संस्थान में सत्रों में हुआ कार्यक्रम

डॉ. भीमराव अम्बेडकर शिक्षण संस्थान छत्तीसगढ़ द्वारा बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 134वीं जयंती पर आवासीय विद्यालय में दो सत्रों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।




प्रथम सत्र में स्थानीय वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा की गई एवं विभिन्न प्रकार की आयोजित प्रतियोगिताओं का पुरस्कार वितरण एनआईटी रायपुर के वरिष्ठ प्रो. डॉ. एसडी पाटले के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थाध्यक्ष राजेन्द्र दिवाकर ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में व्यवस्थापक एचआर भास्कर एवं अंजना पाटले उपस्थित रही। परीक्षा परिणाम की घोषणा प्राचार्य आशा दिवाकर ने की। द्वितीय सत्र में संस्थान के वार्षिक साधारण सभा की बैठक आयोजित की गई। आगामी त्रैवार्षिक प्रबंधकारिणी समिति का गठन सर्वसम्मति से किया गया। जिसमें संरक्षक के रूप में क्षेत्रीय विधायक पुन्नूलाल मोहले, पुनदास गोवर्धन, सुखनंदन घुमसरे, मोहितराम धिरी, शिवकुमार केशकर, इंजी. एस.के.बंजारा, के.आर.ओगरे तथा अध्यक्ष राजेन्द्र दिवाकर, उपाध्यक्ष एस.पी.कौशिक सचिव एच.आर.भास्कर, कोषाध्यक्ष योगकुमार पाटले एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य के रूप में शत्रुहन कान्त, ध्रुवकुमार मारखण्डे, राजेश कुमार एवं जगदीश कांत का चयन किया गया। आभार प्रदर्शन विद्यालय के उपप्राचार्य छत्रपाल डाहिरे ने किया।

## निशुल्क मोटराइज्ड ट्राई साइकिल के लिए दिव्यांगजन का चिन्हांकन

**मुंगेली।** दिव्यांगजनों को सीएसआर योजना के अंतर्गत निशुल्क मोटराइज्ड ट्राई साइकिल एवं सुगम केन प्रदान करने हेतु चिन्ह्यांकन शिविर का आयोजन कलेक्ट्रेट के जनदर्शन सभाकक्ष में किया गया।




इसमें मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत अध्यक्ष रामकमल सिंह, विशिष्ट अतिथि जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि पद्मिनी मोहले एवं जनपद पंचायत के विभिन्न समितियां के सभापति, जनपद सदस्य तथा ग्राम पंचायत के सरपंच, दिव्यांगजनों के साथ उपस्थित रहे। जनपद पंचायत अध्यक्ष रामकमल सिंह ने शासन के द्वारा चलाए जा रहे चिन्हांकन शिविर की प्रशंसा करते हुए कार्यक्रम के विषय में उपस्थित सभी दिव्यांगजनों एवं उनके सहयोगियों को शिविर का लाभ उठाने हेतु अनुरोध किया। उक्त शिविर में 3 सौ 63 दिव्यांगजनों एवं उनके सहयोगियों का पंजीयन किया गया। शिविर में साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम जबलपुर के विशेषज्ञों द्वारा, दिव्यांगजनों का परीक्षण किया गया, जिसमें 90 लोगों को मोटराइज्ड पात्र प्रमाण पत्र वितरित किया गया। शिविर में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के चिकित्सकों ने उपस्थित लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया तथा आवश्यक दवाइयां प्रदान की। उक्त कार्यक्रम में उपसंचालक समाज कल्याण अखंड प्रताप गौतम, जनपद पंचायत के सीईओ श्री तिवारी, समाज कल्याण एवं जनपद पंचायत के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं उपस्थित अतिथियों का आभार प्रदर्शन पंचायत निरीक्षक कमलेश मिश्रा द्वारा किया गया।

## अपर कलेक्टर ने सुनीं लोगों की समस्याएं



**मुंगेली।** जिला कलेक्टोरेट में आयोजित जनदर्शन में अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी ने आमजनों से उनकी मांगें एवं समस्याएं सुनी और नियमानुसार निराकरण के लिए संबंधित विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया। इस दौरान 56 आमलोगों द्वारा विद्युत, पीएम आवास, पेयजल आदि मूलभूत सुविधाओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किया गया। जनदर्शन में मुंगेली विकासखण्ड के ग्राम फरहदा के प्रकाश पात्रे ने पीएम आवास की द्वितीय किश्त की राशि दिलाने, ग्राम डिंडौरी चि. के खेमेश्वरपुरी गोस्वामी ने विद्युत तार बदलने, ग्राम निरजाम के ग्रामीणों ने नल जल योजना के तहत बने पानी टंकी से शुद्ध पेयजल दिलाने, विनोबा भावे वार्ड के राम नारायण श्रीवास ने अपने मृत भाई का मृत्यु प्रमाण पत्र दिलाने, ग्राम धरमपुरा के अजीत घृतलहरे ने दीनदयाल उपाध्याय कृषि मजदूर कल्याण योजना का लाभ दिलाने, लोरमी विकासखण्ड के ग्राम मोहतरा कुर्मी के रोहित कुलमित्र ने सड़क निर्माण के लिए अधिग्रहित भूमि का मुआवजा राशि दिलाने, ग्राम करनकापा के ग्रामीणों ने मंदिर की जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराने की मांग की। इसी तरह अन्य आवेदकों ने भी अपनी मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किया।

## जिले में 5 नई प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों का गठन प्रस्तावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

जिले में 5 नई प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों का गठन प्रस्तावित है, जिससे ग्रामीण अंचल में सहकारी बैंकिंग सेवाएं और अधिक सुलभ हो सकेंगी। छत्तीसगढ़ शासन के सहकारिता विभाग द्वारा प्रदेश में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के पुनर्गठन के लिए पुनर्गठन योजना 2025 को अधिसूचित कर दिया गया है।

यह अधिसूचना 3 अप्रैल 2025 को छत्तीसगढ़ राजपत्र में प्रकाशित की गई है। सहायक आयुक्त सहकारी संस्थाएं हितेश श्रीवास ने बताया कि पुनर्गठन योजना के अंतर्गत जिले में 5 नई प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों का गठन प्रस्तावित है। इस योजना के तहत प्रभावित एवं परिणामी सोसायटी के सदस्यों, संबंधित बैंक शाखाओं तथा अन्य पक्षों द्वारा दावा-आपत्ति 23 अप्रैल तक जिला कलेक्टोरेट स्थित कार्यालय सहायक आयुक्त सहकारिता एवं सहायक पंजीयक सहकारी संस्थाएं में तीन प्रतियों में प्रस्तुत की जा सकती हैं। पुनर्गठन योजना की विस्तृत जानकारी संबंधित मूल समितियों के कार्यालय, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित बिलासपुर की मुंगेली शाखा, नोडल अधिकारी कार्यालय तथा सहायक आयुक्त सहकारिता कार्यालय की सूचना पटल पर चस्पा की गई है। प्राप्त आपत्तियों का परीक्षण सहायक आयुक्त सहकारिता मुंगेली द्वारा संबंधित बैंक शाखा प्रबंधकों के साथ मिलकर संयुक्त रूप से किया जाएगा। परीक्षण उपरांत आवश्यक संशोधन सहित प्रस्ताव संभागीय संयुक्त आयुक्त सहकारिता बिलासपुर को भेजा जाएगा। यदि कोई पक्ष दावा-आपत्ति के निराकरण से असंतुष्ट होता है, तो वह 7 दिवस के भीतर अपील प्रस्तुत कर सकता है। यह अपील संयुक्त आयुक्त सहकारिता, पुराना कंपोजिट बिल्डिंग, कलेक्टर परिसर के सामने, बिलासपुर (छ.ग.) में की जा सकती है।

सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हुए विधायक

# भाजपा के गठन के बाद राजनीति में हुआ अभूतपूर्व परिवर्तन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

भाजपा द्वारा चलाए जा रहे संगठन पखवाड़ा के तहत अटल परिसर जिला भाजपा कार्यालय में सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें विधायक पुन्नूलाल मोहले ने उपस्थित रहकर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया।

जिला भाजपा के सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन भाजपा जिलाध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी की अध्यक्षता में आहूत की गई। इस अवसर पर विधायक पुन्नूलाल मोहले ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के गठन के पश्चात भारतीय राजनीति में अभूतपूर्व परिवर्तन हुआ है। दीनानाथ केशरवानी ने कहा कि लाखों कार्यकर्ताओ के त्याग व बलिदान के पश्चात आज हमारी पार्टी इस जगह पर पहुंची है। ये कार्यकर्ताओं की ही ताकत है कि आज हम विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गिरीश शुक्ला ने कहा कि 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद देश में तेजी से और गुणवत्ता पूर्ण विकास हो रहा है। पूर्व जिलाध्यक्ष शैलेश पाठक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक राष्ट्रवादी पार्टी है। इस अवसर पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजेन्द्र वैष्णव, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय, जनपद अध्यक्ष रामकमल सिंह, मानिकलाल सोनवानी, शिवकुमार बंजारा ने भी संबोधित किया। संचालन जिला मीडिया प्रभारी सुनील पाठक ने तथा आभार ताराचंद टंडन ने किया।

सम्मेलन में मानस प्रताप सिंह, कृष्ण कुमार तिवारी, लोकनाथ सिंह, प्रद्युम्न तिवारी, नरेश पटेल, मानस सिंह बैस, पद्मनी मोहले, विनय पाण्डेय, पंकज सिंह, मिट्ठूलाल यादव, सोम वैष्णव, शंकर सिंह, राजीव श्रीवास, राकेश, सुखचंद साहू, नागेश्वर जायसवाल, रामशरण यादव, कोटूमल दादवानी, जगमोहन मिरी, राजेश्वर टंडन, अनिल पात्रे, सरस्वती सोनी, चंद्रकली पात्रे, अंजना जायसवाल, स्वेता सोनी, संतोषी ठाकुर, खोरबहरीन साहू आदि मुंगेली नगर एवं ग्रामीण मण्डल, सेतगंगा मण्डल, जरहागांव मण्डल, लौदा मण्डल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



कार्यकर्ता सम्मेलन में संबोधित करते श्री मोहले।

## युवती से छेड़खानी, दो गिरफ्तार




हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

साप्ताहिक बाजार से लौट रही युवती के साथ छेड़छाड़ एवं गाली-गलौज करने वाले आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमाण्ड पर जेल भेजा है।

सिटी कोतवाली थाना में पीडिता ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 23 मार्च को पीड़िता अपनी बहन ममता बंजारे के साथ ग्राम घोरपुरा साप्ताहिक बाजार से सामान खरीद कर पैदल यूएसबी सेंटर आ रहे थे। शाम लगभग 6.30 बजे भूपेन्द्र साहू पिता बिंदा साहू शराब के नशे में स्कूटी में एक और साथी के साथ आए पीड़िता से छेड़खानी की। पीड़ति के मना करने पर गाली गलौज की। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी भूपेन्द्र साहू पिता बिन्दाराम साहू उम्र 24 साल निवासी घोरपुरा थाना सिटी कोतवाली एवं करन चौहान पिता उमेद चौहान उम्र 35 साल निवासी घोरपुरा थाना सिटी कोतवाली को गिरप्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा।